



दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

MPHIN/2021/83938



नई सोच नई पहल

ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 350 | ग्वालियर, 16 अक्टुबर सोमवार 2023 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए


# आम चुनाव 2024 में कांग्रेस के प्रदर्शन में अभूतपूर्व सुधार पर ही टिकी है विपक्षी गठबंधन इंडिया की प्रासंगिकता

आम चुनाव, 2024 अब चंद ही महीने बाक़ी हैं. अगले साल अप्रैल-मई में लोक सभा चुनाव होना है. 2014 से केंद्र की सत्ता पर बीजेपी की अगुवाई में एनडीए का क़ब्ज़ा है. लगातार दो बार 2014 और 2019 के आम चुनाव में बीजेपी ने शानदार प्रदर्शन किया.
केंद्र की राजनीति पर 2014 से बीजेपी का प्रभुत्व कुछ इस कदर स्थापित हो गया कि देश की संसदीय व्यवस्था में विपक्ष की भी भूमिका गौण मात्र की रह गई. कई विपक्षी दलों के लिए केंद्र की राजनीति में प्रासंगिकता बनाए रखना मुश्किल हो गया है. केंद्रीय राजनीति में अपनी-अपनी पार्टियों की प्रासंगिकता या यूं कहें अस्तित्व बचाए रखने के लिए कांग्रेस समेत कई दलों के पास 2024 के चुनाव के लिए आपस में हाथ मिलाने के अलावा कोई चारा नहीं बचा था.एक दशक में बीजेपी केंद्र में बेहद मज़बूत हुई है केंद्रीय राजनीति के लिहाज़ से पिछले एक दशक में बीजेपी की राजनीतिक ताक़त इतनी ज़्यादा हो गई है कि किसी एक दल के लिए 2024 में चुनौती देना एक तरह से असाध्य हो गया. इसी का तोड़ निकालने के परिणाम के तौर पर विपक्षी गठबंधन %इंडिया% सामने आया. कांग्रेस समेत 26 विपक्षी दलों से शुरू हुआ यह कारवाँ 28 दलों तक पहुँच गया है. विपक्षी दलों का गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस आम चुनाव 2024 में बीजेपी के विजय रथ को रोकने में कितना असरदार या असरकारक साबित होगा, सबसे बड़ा सवाल यही है.

**कांग्रेस के प्रदर्शन में सुधार पर बहुत कुछ निर्भर**-विपक्षी गठबंधन इंडिया का कितना प्रभाव पड़ेगा और बीजेपी को केंद्र की सत्ता से दूर करने के मकसद की प्रासंगिकता बहुत हद तक कांग्रेस के प्रदर्शन पर निर्भर है. देश के राजनीतिक हालात और राज्यों में अलग-अलग दलों की स्थिति पर ग़ौर करें, तो इस बात को ब-ख़ूबी समझा जा सकता है.

दो प्रश्न महत्वपूर्ण हो जाते हैं. पहला, विपक्षी गठबंधन इंडिया से बीजेपी को उन राज्यों में नुक़सान पहुंच पायेगा या नहीं, जो-जो राज्य बीजेपी की बड़ी ताक़त हैं. जिन राज्यों में 2014 और 2019 में शानदार प्रदर्शन करते हुए बीजेपी केंद्र की सत्ता पर क़ाबिज़ हुई, उन राज्यों में विपक्षी गठबंधन में शामिल पार्टियाँ, ख़ासकर कांग्रेस, अपना प्रदर्शन बेहतर कर पाती हैं या नहीं. दूसरा प्रश्न जुड़ा है विपक्षी गठबंधन में शामिल अधिकांश दलों के अपने-अपने प्रभाव वाले राज्यों में कितनी ज़्यादा सीटें आती हैं.

**विपक्ष में कांग्रेस का ही जनाधार पैन इंडिया**-विपक्षी गठबंधन में शामिल दलों में सिर्फ़ कांग्रेस ही ऐसी पार्टी है जिसका पैन इंडिया जनाधार है. इसमें कोई दो राय नहीं है.




कांग्रेस के अलावा इंडिया गठबंधन में ऐसी कोई पार्टी नहीं है जो यह दावा कर सके कि उसका जनाधार देश के कई राज्यों में है. यहाँ पर जनाधार से तात्पर्य महज़ चंद फ़ीसदी वोट हासिल करने से नहीं है,बल्कि सीट विशेष पर चुनाव जीतने से है.

विपक्षी गठबंधन इंडिया में शामिल दलों के पास फ़िलिहाल कुल 149 लोक सभा सांसद हैं. दूसरी ओर एनडीए को छोड़ दें, तो अकेले बीजेपी के पास 301 सांसद हैं. विपक्षी गठबंधन में जो दल शामिल हैं, लोक सभा में उनकी ताक़त फ़िलिहाल कितनी है, इस पर अगर नजर डालेंगे, तो 28 दलों में से कांग्रेस को मिलाकर 16 दलों के पास लोक सभा की कोई न कोई सीट है. विपक्षी दलों में किसी के पास तीन अंकों में सीट नहीं है.विपक्षी गठबंधन इंडिया में शामिल दलों में से फ़िलिहाल सिर्फ़ 4 दल ही ऐसे हैं, जिनके पास अभी लोक सभा में सीटों की संख्या दहाई के अंकों में है. इनमें कांग्रेस के पास 51, डीएमके के पास 24, तृणमूल कांग्रेस के पास 23 और जनता दल यूनाइटेड के पास 16 सीटें हैं. शिवसेना के पास 6 लोक सभा सांसद हैं. इनके अलावा 11 दलों के पास सीटें 5 से भी कम-कम हैं. शरद पवार की एनसीपी के पास 4, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी यानी सीपीएम, इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग, नेशनल कॉन्फ्रेंस और समाजवादी पार्टी के पास 3-3 सीटें हैं. सीपीआई के पास 2 सीटें हैं. जबकि आम आदमी पार्टी, झारखंड मुक्ति मोर्चा, केरल कांग्रेस (एम), विदुथलाई चिरूथाईगल काची और रिवोल्यूशनरी सोशलिस्ट पार्टी के पास एक-एक सीट है.

**इंडिया गठबंधन में शामिल में दल कितने प्रभावी**-विपक्षी गठबंधन के तहत 2024 के चुनाव में दहाई अंक में सीटें जीतने की संभावना को अगर कसौटी बनाते हैं, तो ऐसे दलों की संख्या 10 बनती है. इनमें कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस, डीएमके, जनता दल यूनाइटेड, आरजेडी, समाजवादी पार्टी, आम आदमी पार्टी, सीपीएम, शिव सेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) और शरद पवार का एनसीपी धड़ा शामिल है. बाक़ी दल चाहे कितना भी ज़ोर लगा लें, उनके लिए दो अंकों में पहुँचना नामुमकिन है.विपक्षी गठबंधन में ये जो 10 दल हैं, उनमें कांग्रेस को छोड़कर सीट जीतने के लिहाज़ से बाक़ी 9 दलों की कुछ सीमाएं हैं. तृणमूल कांग्रेस पश्चिम बंगाल से बाहर सीट नहीं जीत सकती है. डीएमके तमिलनाडु से बाहर कुछ नहीं कर सकती है. जनता दल यूनाइटेड और आरजेडी की प्रभावी भूमिका बिहार तक ही सीमित है. समाजवादी पार्टी में सिर्फ़ उत्तर प्रदेश में ही लोक सभा सीट जीतने का दमख़म है. उसी पर शिव सेना और शरद पवार का एनसीपी गुट सीट जीतने के हिसाब से महाराष्ट्र तक ही सीमित है. जहाँ तक आम आदमी पार्टी का सवाल है, सीट जीतने के लिहाज़ से उसका दावा दिल्ली और पंजाब तक ही सीमित है. वहीं सीपीएम की दावेदारी भी केरल और दो-तीन सीटों पर पश्चिम बंगाल तक ही बनती है.

**इंडिया गठबंधन के दलों से बीजेपी को कितना नुक़सान**-राज्य विशेष तक प्रभावी भूमिका रखने के बावजूद ये तमाम दल उस राज्य में अच्छा प्रदर्शन करेंगे या नहीं, यह भी बहुत हद तक कई सियासी समीकरणों पर निर्भर करता है. जैसे उत्तर प्रदेश की बात करें, तो मायावती के किनारा कर लेने से समाजवादी पार्टी-कांग्रेस-आरएलडी आपस में मिलकर भी बीजेपी का बड़ा नुक़सान कर पायेंगे, इसकी संभावना बहुत ही कम है.

उसी तरह से पश्चिम बंगाल में बीजेपी को बड़ा नुक़सान तभी पहुंच सकता है, जब कांग्रेस और सीपीएम कुर्बानी देते हुए ज्यादा से ज्यादा सीटों पर ममता बनर्जी की टीएमसी को लड़ने दे.

## पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त और कांग्रेस नेता मनोहर सिंह गिल का निधन, दिल्ली में ली अंतिम सांस

पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त और कांग्रेस नेता मनोहर सिंह गिल का रविवार (15 अक्टूबर) को निधन हो गया. उनका अंतिम संस्कार सोमवार (16 अक्टूबर) को दिल्ली में किया जाएगा. पद्म विभूषण से सम्मानित गिल ने साउथ दिल्ली के साकेत स्थित मैक्स अस्पताल में अंतिम सांस ली.गिल के निधन पर शोक जताते हुए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, पूर्व केंद्रीय मंत्री, पद्म विभूषण, मनोहर



सिंह गिल के निधन पर बेहद दुख हुआ. उन्होंने कहा,यूपीए सरकार में एक मूल्यवान सहयोगी के रूप में और एक सिविल सेवक के रूप में खेल, चुनावी प्रक्रिया और कृषि जैसे विभिन्न क्षेत्रों में उनका योगदान कभी नहीं भुलाया जा सकता.÷खरगे ने पूर्व केंद्रीय मंत्री के परिवार और दोस्तों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा, मैं ईश्वर से उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करता हूं.

## आम चुनाव 2024 में कांग्रेस के प्रदर्शन में अभूतपूर्व सुधार पर ही टिकी है विपक्षी गठबंधन इंडिया की प्रासंगिकता

आम चुनाव, 2024 अब चंद ही महीने बाक़ी हैं. अगले साल अप्रैल-मई में लोक सभा चुनाव होना है. 2014 से केंद्र की सत्ता पर बीजेपी की अगुवाई में एनडीए का क़ब्ज़ा है. लगातार दो बार 2014 और 2019 के आम चुनाव में बीजेपी ने शानदार प्रदर्शन किया.केंद्र की राजनीति पर 2014 से बीजेपी का प्रभुत्व कुछ इस कदर स्थापित हो गया कि देश की संसदीय व्यवस्था में विपक्ष की भी भूमिका गौण मात्र की रह गई. कई विपक्षी दलों के लिए केंद्र की राजनीति में प्रासंगिकता बनाए रखना मुश्किल हो गया है. केंद्रीय राजनीति में अपनी-अपनी पार्टियों की प्रासंगिकता या यूं कहें अस्तित्व बचाए रखने के लिए कांग्रेस समेत




कई दलों के पास 2024 के चुनाव के लिए आपस में हाथ मिलाने के अलावा कोई चारा नहीं बचा था.

**एक दशक में बीजेपी केंद्र में बेहद मज़बूत हुई है**-केंद्रीय राजनीति के लिहाज़ से पिछले एक दशक में बीजेपी की राजनीतिक ताक़त इतनी ज़्यादा हो गई है कि किसी एक दल के लिए 2024 में चुनौती देना एक तरह से असाध्य हो गया. इसी का तोड़ निकालने के परिणाम के तौर पर विपक्षी गठबंधनइंडिया सामने आया. कांग्रेस समेत 26 विपक्षी दलों से शुरू हुआ यह कारवाँ 28 दलों तक पहुँच गया है. विपक्षी दलों का गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस आम चुनाव 2024 में बीजेपी के विजय रथ को रोकने में कितना असरदार या असरकारक साबित होगा, सबसे बड़ा सवाल यही है.

**कांग्रेस के प्रदर्शन में सुधार पर बहुत कुछ निर्भर**-विपक्षी गठबंधन इंडिया का कितना प्रभाव पड़ेगा और बीजेपी को केंद्र की सत्ता से दूर करने के मकसद की प्रासंगिकता बहुत हद तक कांग्रेस के प्रदर्शन पर निर्भर है. देश के राजनीतिक हालात और राज्यों में अलग-अलग दलों की स्थिति पर ग़ौर करें, तो इस बात को ब-ख़ूबी समझा जा सकता है.

दो प्रश्न महत्वपूर्ण हो जाते हैं. पहला, विपक्षी गठबंधन इंडिया से बीजेपी को उन राज्यों में नुक़सान पहुंच पायेगा या नहीं, जो-जो राज्य बीजेपी की बड़ी ताक़त हैं. जिन राज्यों में 2014 और 2019 में शानदार प्रदर्शन करते हुए बीजेपी केंद्र की सत्ता पर क़ाबिज़ हुई,

## कुशीनगर में कलश यात्रा पर पथराव के बाद दो समुदायों में बवाल, गांव में पुलिस बल किया तैनात



उत्तर प्रदेश के कुशीनगर जिले में अल्पसंख्यक समुदाय के युवकों द्वारा कलश यात्रा पर पथराव करने पर कुबेरस्थान थाना के गांव लक्ष्मीपुर में रविवार को साम्प्रदायिक बवाल बढ़ गया. पथराव से दो छोटे-छोटे बच्चे घायल हो गये. इस पथराव में घायल हुए एक बच्चे को संयुक्त जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया. बवाल की खबर लगते ही एसपी धवल जायसवाल ने कई थानों की पुलिस गांव में तैनात कर दिया.कलश यात्रा पर पथराव के बाद हुए बवाल की जानकारी मिलते ही एएसपी रितेश कुमार सिंह भी गांव में पहुंच गये. घायल बच्चे के पिता ने कुबेरस्थान थाना में तहरीर देकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है. वहीं पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तकरीबन आधा दर्जन लोगों को हिरासत में लिया है. अपर पुलिस अधीक्षक रितेश कुमार सिंह पूरी घटना के पीछे बच्चों का विवाद बताया है. वहीं पुलिस ने पथराव की बात से भी इंकार कर दिया है. गांव में फिलहाल शांति है. **कलश यात्रा पर पथराव**-ग्रामीणों के मुताबिक, नवरात्र के पहले दिन आज कलश यात्रा निकाली जा रही थी. इस कलश यात्रा में स्त्री-पुरुष और बच्चे सभी शामिल थे. गांव के ग्राम प्रधान मनोज गौंड और घायल बच्चे के पिता नरेश बताते हैं कि दिन के करीब 10.30 बजे अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों ने पहले लाउडस्पीकर बजने पर ऐतराज जताते हुए जुलूस रोक दिया.

## निर्दलीय विधायक प्रदीप जायसवाल बीजेपी में शामिल, कांग्रेस सरकार में रह चुके हैं मंत्री



वारासिवनी से निर्दलीय विधायक प्रदीप जायसवाल ने ली बीजेपी की सदस्यता ,सीएम हाउस में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और वीडी शर्मा की मौजूदगी में ली सदस्यता कांग्रेस सरकार में खनिज मंत्री थे. साल 2018 के विधानसभा चुनाव में प्रदीप जायसवाल को कांग्रेस ने टिकट नहीं दिया था. इसके बाद उन्होंने निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर चुनाव लड़ा था और जीत हासिल की थी.

एमपी इलेक्शन

# क्या कांग्रेस ने शिवराज सिंह चौहान को बुधनी सीट पर दे दिया है वॉकओवर

नवरात्री के पहले दिन कांग्रेस ने 3 राज्यों छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मध्य प्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी कर दी है. मध्यप्रदेश के कुल 230 विधानसभा सीटों में से 144 सीटों पर पार्टी ने उम्मीदवार घोषित कर दिए हैं. इन 144 प्रत्याशियों में से 60 से ज्यादा चेहरे पुराने ही हैं. यानी कांग्रेस ने पुराने विधायकों को ही एक बार फिर मौका दिया है. लिस्ट के अनुसार प्रदेश के कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ छिंदवाड़ा विधानसभा सीट से मैदान में उतरेंगे. जबकि बीजेपी प्रत्याशी शिवराज के सामने बुधनी विधानसभा सीट से एक नया प्रयोग करते हुए पार्टी ने विक्रम मस्ताल को टिकट दिया गया है. विक्रम मस्ताल टीवी सीरियल एक्टर हैं और वह साल 2008 में रामायण सीरियल में भगवान





हनुमान का किरदार निभा चुके हैं. विक्रम मस्ताल को खुद पूर्व मुख्यमंत्री और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने पार्टी की सदस्यता दिलाई थी. सदस्यता मिलने के बाद से ही वह मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की बुधनी विधानसभा सीट में अधिक सक्रियता बनाए हुए थे. इस क्षेत्र में उनकी सक्रियता को देख पीसीसी चीफ कमलनाथ ने कांग्रेस में नर्मदा सेवा सेना संगठन का गठन किया, जिसका सह प्रभारी भी विक्रम मस्ताल को ही बनाया गया था. एक्टिंग से राजनीति में कदम रखने वाले विक्रम मस्ताल को अब मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में बड़ी जिम्मेदारी दी गई है. लेकिन एक सवाल ये भी उठ रहा कि क्या शिवराज सिंह चौहान जैसे मजबूत चेहरे और 20 साल से भाजपा का गढ़ माने जाने वाला बुधनी सीट पर विक्रम मस्ताल को उतारना कांग्रेस को भारी पड़ सकता है..

बुधनी सीट पर कई सालों से बीजेपी को हराने की कोशिश-बुधनी कांग्रेस के स्थानीय नेता संजय शर्मा ने एबीपी से बात करते हुए कहा कि- यहां शिवराज सिंह के खिलाफ मजबूत उम्मीदवार की हम मांग कर रहे थे. अब हाईकमान ने जो फैसला किया है, वो किस आधार पर किया है, वो 3-4 दिन बाद ही पता चल पाएगा. शर्मा आगे कहते हैं- मजबूत उम्मीदवार अगर हमें मिलते, तो हम शिवराज के नाकों चना चबवा देते.

क्या विक्रम मजबूत उम्मीदवार नहीं हैं? इस सवाल पर संजय कहते हैं किअभी 2 महीने पहले पार्टी में आए हैं, तो कैसे बता सकता हूं? आने दीजिए उन्हें मैदान में, फिर आप लोगों को भी पता चल जाएगा.

वहीं पॉलिटिकल साइंस के प्रोफेसर आनंद शर्मा ने एबीपी से बात करते हुए कहा कि नर्मदा किनारे बसे बुधनी विधानसभा सीट पर पिछले कई सालों से कांग्रेस शिवराज सिंह को घेरने की कोशिश में लगी हुई थी. हालांकि इस चुनाव में उन्होंने शिवराज के खिलाफ विक्रम मस्ताल को मैदान में उतारा है. ये कांग्रेस के एक प्रयोग का हिस्सा हो सकता है लेकिन मुख्यमंत्री की सीट होने की कारण यहां शिवराज सिंह के लिए मुझे तो कोई खतरा दिखाई नहीं दे रहा है. इस सीट की जनता पिछले 20 सालों से बीजेपी को सपोर्ट कर रही है. पिछले उपचुनाव में भी बीजेपी को ही जीत मिली थी.

विक्रम को टिकट मिलने पर क्या बोले नितिन दुबे -विक्रम को टिकट मिलने पर एबीपी से बातचीत में कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता और बुधनी से टिकट की रेस में शामिल नितिन दुबे कहते हैं- यह पार्टी का फैसला है. अब किस आधार पर फैसला लिया गया है, यह तो कमलनाथ जी ही बता पाएंगे. मेरी बात रही, तो पार्टी हाईकमान का जो निर्देश होगा, वो मैं करुंगा.

# निरिच्छित निष्काम सेवा को दर्शाते निरंकारी भक्त,76वें वार्षिक निरंकारी संत समागम की तैयारियाँ जोरों पर



**दैनिक पुष्पांजली टुडे रीवा**

**रीवा।** संत निरंकारी आध्यात्मिक स्थल समालखा में निरंकारी मिशन का 76वां वार्षिक संत समागम, पिछले 75 वर्षों की भांति इस वर्ष भी भव्यतापूर्वक दिनांक 28, 29 एवं 30 अक्तूबर, 2023 को सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं निरंकारी राजपिता जी के पावन सान्निध्य में आयोजित होने जा रहा है। इस समागम का भरपूर आनंद विश्वभर से आये हुए सभी निरंकारी भक्त एवं श्रद्धालुओ द्वारा प्राप्त किया जायेगा। इस शुभ सूचना से संपूर्ण निरंकारी जगत में अत्यंत उत्साह का वातावरण है जहां हर प्रांत से आये हुए भक्त अपने हृदय में 'वसुदैव कुटुम्बकम्ब' का सुंदर भाव लिए हुए एक विस्तृत परिवार के रूप में सतगुरु के साकार दर्शन एवं उनकी दिव्य वाणी को श्रवण करेंगे। निसंदेह यह स्वयं में एक अलौकिक नजारा होगा जहां पर सभी जनमानष अपनी भाषा, जाति, धर्म एवं वर्ण को भुलाकर 'एकत्व' के दिव्य संदेश को वास्तविक रूप में चरितार्थ करेंगे। समागम अर्थात् संतों का संगम, इस पावन अवसर की तैयारियां पूर्ण समर्पण एवं चेतनता के साथ भक्तों द्वारा की जा रही है। जिस ओर भी दृष्टि डालो उस ओर ही हजारों की संख्या में निःस्वार्थ भाव से सभी श्रद्धालु भक्त सूर्य की पहली किरण से लेकर सांय ढलने तक सतगुरु के साकार रूप में दीदार कर, झूमते, नाचते अपनी सेवाओं को आनंदपूर्वक निभा रहे है। इस अनुपम दृश्य को देखकर ऐसा प्रतीत हो रहा है जैसे इन श्रद्धालुओं में निरंकारी मिशन की सिखलाई मिलर्वतन एवं एकत्व के सुंदर भाव को प्रदर्शित कर रही हो। बच्चे, युवा और वृद्ध सभी पूरे जोश के साथ बढ़ चढ़कर इन सेवाओ में तनमयतापूर्वक योगदान दे रहे है। कही पर मैदानों को समतल करने हेतु मिट्टी से भरे तसलों की सेवा और वहीं दूसरी तरफ खाली तसलों की। छोटे-छोटे बच्चे भी अपने नन्हे-नन्हे हाथों में तसलों को उठाकर सेवा का भरपूर आनंद प्राप्त कर रहे है। हर ओर ही सेवा का अनुपम नजारा दृश्यमान हो रहा है। यह सब कुछ आने वाले सभी श्रद्धालुओं एवं आंगतुको के भव्य स्वागत हेतु किया जा रहा है ताकि वह समागम में आकर न केवल आध्यात्मिक शिक्षाओं से लाभान्वित होगें साथ ही सभी प्रकार की सुख सुविधाएं भी उपलब्ध करवायी जायेंगी। संतों द्वारा संगतों के लिए टैन्ट लगाना, शामियानों की व्यवस्था में सहायता करना इत्यादि जैसे कार्य भी हर्षोल्लासपूर्वक किये जा रहे है। उनके दिन-रात किये जा रहे अथक प्रयासो का ही यह सकारात्मक परिणाम है कि मात्र कुछ ही समय में शामियानों की सजी हुई सुंदर नगरी एक आकर्षक समागम स्थल के रूप में परिवर्तित हो जायेगी। मानव मात्र की सेवा में लगे हुए इन सभी सेवादारों एवं भक्तों के चेहरों पर थकान नहीं अपितु आनन्द की आभा ही प्रतीत हो रही है जिसे देखकर हृदय अत्यंत प्रफुल्लित हो जाता है। यह सब केवल सतगुरु माता जी के पावन आशीर्वाद द्वारा ही हो रहा है। सेवा हेतु सतगुरु माता जी भी अकसर अपने विचारों में यही समझाते है कि 'तन पवित्र सेवा किए, धन पवित्र किए दान; मन पवित्र हरिभजन से त्रिविध होय कल्याण।' अर्थात् तन मन धन से की गयी सेवा सदैव ही सर्वोत्तम कहलाती है जिससे हमारा सर्वत्र रूप में कल्याण होता है। इस पावन संत समागम में समस्त भारतवर्ष के अतिरिक्त दूर देशों से भी लाखों की संख्या में आने वाले सभी श्रद्धालु भक्तों के लिए समुचित प्रबन्ध व्यवस्था की जा रही है। निरंकारी सेवादल के भाई-बहन नीली एवं खाकी वर्दी पहने हुए रेलवे स्टेशन, बस अड्डे और एयरपोर्ट पर आने वाले सभी श्रद्धालु भक्तों का स्वागत करने और उन्हें उनके पूर्व निर्धारित निवास स्थान पर पहुंचाने का प्रबन्ध करते हुए दिखाई देंगें। सेवा की महत्ता का जिक्र निरंकारी मिशन की 'संपूर्ण हरदेव बाणी' में भी किया गया है कि निरिच्छित निष्काम सेवा अमृत के समान है। कहे 'हरदेव' गुरू का इसमें छुपा हुआ वरदान है।निश्चित रूप में इस दिव्य निरंकारी संत समागम में हर उस महानुभाव का हृदय से हार्दिक अभिनन्दन है जो यहां आकर स्वयं को प्रेम, एकत्व एवं शांति के इस पावन पर्व में सम्मिलित कर परम् आनंद की अनुभूति प्राप्त करना चाहता है।



# रीवा में पहली बार आयोजित होगा डिस्को गरबा डांडिया और जुम्बा गरबा

**दैनिक पुष्पांजली टुडे रीवा**

**रीवा।** इंटरनेशनल डिजाइन एकेडमी द्वारा रीवा में पहली बार दिनांक 20 अक्टूबर 2023 को डिस्को गरबा डांडिया और जुम्बा गरबा का आयोजन ÷द अर्बन ग्रिल्स गार्डेन में ÷ आयोजित किया जा रहा है! सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में ये एक नवाचार होगा !उक्त कार्यक्रम के संबंध में जानकारी देने हेतु इंटरनेशनल डिजाइन एकेडमी में पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया! जिसको प्रमुख रूप से युवा समा?सेवी एवं कवि सिद्धार्थ श्रीवास्तव, कार्यक्रम के आयोजक



हिमांशु सिंह सेंगर, डॉ सुष्मिता मिश्रा जयपुरिया, पायल आहूजा एवं राजेश जयपुरिया ने संबोधित किया !पत्रकार वार्ता में आगे बताया गया कि गरबा डांडिया और जुम्बा गरबा के अलावा, सैंडो डांस और डिस्को गरबा का भी आयोजन होगा! महानगरों की तर्ज पर इस बार रीवा में ये आयोजन किया जा रहा है! क्योंकि आज युवा वर्ग हर विधा में कुछ नया करने की चाह रखता है! इसी नवीन परिकल्पना का ही परिणाम जुम्बा गरबा और डिस्को गरबा है !पत्रकार वार्ता के माध्यम से आयोजको नें समस्त रीवावासियों से अपील कि है उक्त कार्यक्रम में सभी बढ़ चढ़ कर हिस्सेदारी ले और आयोजन को सफल बनाये !

# नवरात्रि को लेकर रीवा पुलिस ने मंदिरों का किया निरीक्षण, मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरे को भी चेक किया



**दैनिक पुष्पांजली टुडे रीवा**

**रीवा।** पुलिस द्वारा नवरात्रि में भक्तों के सुविधा को ध्यान रखते हुए मंदिरों का निरीक्षण किया है वही मंदिरों में लगे सीसीटीवी की भी जांच की गई और आवश्यक स्थलों पर सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए हैं रीवा शहर के रानी तालाब माता मंदिर और फूलमती मंदिर में सर्वाधिक भक्तों की भीड़ लगती है कल सुबह से ही मंदिरों में माता को जल चढ़ाने श्रद्धालुओं का तांता लगने लगेगा , मंदिरों में चुस्त दुरुस्त व्यवस्था को बनाने के लिए जहां पुलिस बल तैनात रहेंगे वहीं चोर और बदमाशों पर पुलिस की विशेष निगरानी रहेगी। पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह के निर्देशानुसार ष्टस्क्कशिवाली चतुर्वेदी के नेतृत्व में सिटी कोतवाली थाना प्रभारी रूपलाल उइके यातायात थाना प्रभारी हरिशंकर तिवारी एवं कोतवाली स्टाफ के साथ मंदिरों में पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया।

# इंजीनियरिंग कालेज से होगी मतदान सामग्री का वितरण व वापसी

**दैनिक पुष्पांजली टुडे रीवा**

**रीवा।** विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिये मतदान सामग्री का वितरण शासकीय इंजीनियरिंग कालेज से किया जायेगा। सामग्री वितरण व वापसी स्थल में सभी आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित की गई हैं। अपर कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह ने इंजीनियरिंग कालेज का भ्रमण कर व्यवस्थायें देखी तथा अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। इंजीनियरिंग कालेज में सीसीटीव्ही, कैमरा, अग्निशमन यंत्र की व्यवस्था के साथ ही सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं। अपर कलेक्टर ने व्यवस्था से जुड़े अधिकारियों को सभी अन्य प्रबंध समय से पूर्व करने के निर्देश दिये।

# शांति समिति बैठक बिना त्योंहार मनेंगे कैसे गाइड लाइन के अभाव में अनिश्चितता का माहौल

**दैनिक पुष्पांजली टुडे रीवा**

**रीवा।।** नगर में शायद पहली बार हो रहा है कि सबसे ब? धार्मिक त्योहार बिना प्रशासन की भूमिका एवं गाइड लाइन के मनाये जायेगे चुनाव आचार संहिता के चलते शांति समिति की बैठक अभी तक जिला प्रशासन द्वारा बुलायी नही गई है। आगामी दिनो में श्री नवदुर्गा, विजयादशमी और दीपावली जैसे ब? त्यौहार है सांस्कृतिक, धार्मिक गरबा जैसे कार्यक्रमों की भरमार रहेगी। विजयादशमी चल समारोह, मूर्ति विर्सजन एवं रावण वध के ब? आयोजन होगे। दीपावली की भी?भा? भी रहेगी। प्रशासन ने अभी तक आमजनो के सामने अपनी व्यवस्थाओं का खुलासा नही किया है जिससे आमजनो के बीच अनिश्चितता का माहौल है। दूसरी ओर चुनाव आयोग ने धार्मिक उत्सवों को कुछ शर्तो के साथ आचार संहिता से मुक्त कर दिया है फिर भी कई सवाल ऐसे है जिनके जवाब जनता के पास नही है। गत चुनाव में देवी पंडालो द्वारा मतदान जागृति के लिये प्रचार प्रसार में भरपूर सहयोग किया गया था जिसके लिये प्रशासन द्वारा कुछ लोगो को नकद पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र भी दिये गये थे, लेकिन इस वर्ष उस संबंध में भी कोई सकारात्मक निर्णय नही लिया गया है। इन बातो पर ध्यान देने और जिला शांति समिति की बैठक जल्द बुलाये जाने का धर्म परिवार के आजीवन संरक्षक एवं शांति समिति के वरिष्ठ सदस्य नारायण डिगवानी, सुरेश विश्नोई, सुमित मांजवानी ने जिलाध्यक्ष महोदय से आग्रह किया है।


**नारायण डिगवानी**
**धर्म परिवार के आजीवन संरक्षक एवं शांति समिति के वरिष्ठ सदस्य**

# मैहर में सजा मां शारदा का दरबार जानें क्यों नवरात्र में आल्हा दर्शन के बिना है देवी दर्शन अधूरा

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**
**विवेक तिवारी (संभागीय ब्यूरो)**

मैहर। आज से नवरात्र शुरू हो गया। सनातन धर्म में नवरात्र सबसे बड़ा और पावन पर्व माना जाता है। मंदिरों की साफ- सफाई कर माता रानी के पूजन के लिए विशेष व्यवस्था करते है। नवरात्र में माता के नौ दिन तक नौ रूपों की आराधना की जाती है। पहले दिन माता शैलपुत्री, फिर दूसरे दिन ब्रह्मचारिणी, तीसरे दिन चंद्रघंटा, चौथे दिन कुष्मांडा, पांचवे दिन स्कंद माता, छंटवे दिन कात्यायनी, सातवें दिन कालरात्रि, आठंवे दिन महागौरी, नवमं दिन सिद्धिदात्री और फिर दुर्गा प्रतिमा विसर्जन कर दिया जाएगा है।

**चैत्र राम नवमी और नवरात्र के नव दिन का मेला**-मैहर मां शारदा की नगरी मैहर में विगत कई सालों से साल में दो मेले चैत्र राम नवमी और नवरात्र के नव दिन का मेला लगता है। मैहर के इस मंदिर का इतिहास कितना पुराना है इस बारे में अभी तक कोई पुख्ता प्रमाण नहीं मिला है मगर बताया जाता है कि त्रिकूट पर्वत पर बने इस मंदिर से जुडे कई तथ्य हैं जिसमें से कुछ मुख्य प्रमाण बताते है कि माता सती के अंग जहां जहां गिरे वह सब शक्ति



पीठ बनाए गए। ऐसे ही मैहर के त्रिकूट पर्वत पर माता सती का हार गिरा था इसलिए इस जगह का नाम माई हार अर्थात मैहर नाम पडा।

**मैहर मेले की कमान दो कलेक्टर और दो एसपी के हाथों में**-मैहर के इतिहास में पहली बार होगा की मेले की प्रबंध की कमान दो कलेक्टर और दो एसपी संभालेंगे। हाल ही में मैहर जिला की घोषणा होने के बाद प्रदेश में 56 वां जिला मैहर अस्तित्व में आया है। जिसके नवागत कलेक्टर रानी बाटड और एसपी सुधीर अग्रवाल है। जब कि वर्तमान मेले की कमान सतना जिले के कलेक्टर अनुराग वर्मा और एसपी आशुतोष गुप्ता संभालेंगे।

**यहां सजेगा दरबार**-शहर में जगह -जगह पंडाल लगाए गए हैं जिसमें माता रानी विराजमान होंगी। माता के भक्तों के द्वारा बड़े और सुंदर मनमोहक पंडाल बनाए गए हैं। जो समाज को सकारात्मक विचारधारा का संचार करते है। मैहर गल्ला मंडी में न्यू जय हिद भारतीय दुर्गा उत्सव समिति के द्वारा हर साल दुर्लभ झांकी की स्थापना की जाती रही है। जो की स्थानीय लोगों के लिए मुख्य आकर्षण का केंद्र रहता है।

**प्रशासन की तीसरी आंख से होगी निगरानी**-प्रथम भक्त आल्हा आज भी माता की सबसे पहले पूजन करते है। ऐसा माना जा है कि माता शारदा के प्रथम भक्त आल्हा हैं जिन्हें माता शारदा ने उनकी तपस्या से प्रसन्न होकर अमरता का वरदान दिया है। आज भी माता शारदा के दर्शन के पश्चात आल्हा के दर्शन करना अनिवार्य माना जाता है नही तो दर्शन पूर्ण नहीं होता है। आल्हा महोबा के राजा थे जो की माता शारदा के सबसे बडे भक्त माने जाते थे। बताया जाता है की आज भी जब सुबह मंदिर के पट खोले जाते है तो कोई अदृश्य शक्ति पहले से ही माता की पूजा कर जा चुकी होती है।

**लाखों की संख्या में पहुंचते है श्रद्धालु**-मैहर नवरात्र के मेले में माता के दर्शन के लिए श्रद्धा भाव से दर्शन करने के लिए प्रतिदिन 5 लाख से भी ज्यादा की संख्या में पहुंचते हैं। प्रदेश ही नहीं बल्कि पूरे देश से लोग मैहर दर्शन करने आते हैं जिनमें से अधिकतर लोग पैदल यात्रा दिन रात चल कर माता के जय कारे के साथ मैहर पहुंचते हैं जिनके लिए समाज सेवियों और स्थानीय लोगों के द्वारा रुकने और नहाने धोने के साथ -साथ जगह -जगह चाय पानी का इंतजाम निश्‍शुल्क तौर पर किए जाते हैं।

# परिवहन एवं आबकारी टीम द्वारा चलाया गया वाहनों के जांच का संयुक्त अभियान

**दैनिक पुष्पांजली टुडे रीवा**

रीवा। विधानसभा निर्वाचन के चलते कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रीवा प्रतिभा पाल के निर्देशानुसार रीवा जिले में परिवहन विभाग रीवा एवं आबकारी विभाग की टीम के द्वारा वाहनों के विरुद्ध संयुक्त चेकिंग अभियान चलाया। जांच के दौरान ऐसे वाहन जिन पर नंबर प्लेट के स्थान पर पदनाम की पट्टियां एवं किसी भी पार्टी या दल का नाम लिखा पाया गया उन वाहनों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई की गई इसके अलावा हूटर सर्च लाइट काली फिल्म एवं नंबर प्लेट के विरुद्ध विशेष जांच की गई जांच के दौरान दो वाहनों से चार हूटर एवं तीन वाहनों से 6 सर्च लाइट,12 वाहनो से पदनाम के बोर्ड जप्त किए गये। इसके अलावा संयुक्त टीम के द्वारा



सभी वाहनों को अंदर से भी जांचा गया उनके दरवाजे पीछे की डिक्की आदि खुलवाकर भी वाहनों की सघन जांच की गई।इस दौरान इंदौर से पंजीकृत वाहन से काफी मात्रा में कपड़े जप्त किए गए जिनकी जांच करने पर संबंधित व्यापारी के द्वारा कपड़ों का जीएसटी सहित बिल प्रस्तुत किया गया इसके पश्चात उन्हे जाने दिया गया। परिवहन विभाग का यह जांच अभियान रीवा सिविल लाइन थाने के सामने, पीटीएस चौक, रीवा एवं चोरहटा बाईपास, परिवहन चेक पोस्ट चाकघाट एवं परिवहन चेकपोस्ट हनुमना पर एक साथ चलाया गया। चेकिंग के दौरान अन्य प्रदेश से या अन्य जिलों से रीवा जिले में आने वाले वाहनों की विशेष रूप से जांच की गई। सयुक्त जांच अभियान में रीवा आरटीओ मनीष त्रिपाठी, असिस्टेंट एक्साइज कमिश्नर अनिल जैन, परिवहन चेक पोस्ट प्रभारी चाकघाट आरबी सिंह, परिवहन चेक पोस्ट हनुमना प्रभारी रवि मिश्र एवं परिवहन उप निरीक्षक अभिमन्यु पाठक,शबनम बेगम, मनोज कुमार बेलवंशी, अभिषेक त्रिपाठी, आशीष शुक्ला एवं परिवहन विभाग के अन्य कर्मचारी शामिल रहे।

# कलेक्टर ने सिटी कोतवाली पहुंचकर अपना लायसेंसी शस्त्र जमा कराया

**कलेक्टर ने सिटी कोतवाली पहुंचकर अपना लायसेंसी शस्त्र जमा कराया**

पंकज त्रिपाठी
दैनिक पुष्पांजली टुडे

**कलेक्टर ने जिले के समस्त शस्त्र लायसेंसधारी नागरिकों से अपने शस्त्र संबंधित थाने में शीघ्र जमा कराने अपील की**



**भिण्ड ।** कलेक्टर संजीव श्रीवास्तव ने जिले में विधानसभा निर्वाचन 2023 स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्वक ?ग से सम्पन्न कराने के लिए जिले के सभी प्रकार के शस्त्र लाइसेंस तत्काल प्रभाव से 05 दिसम्बर 2023 तक निलंबित कर दिए हैं। कलेक्टर संजीव श्रीवास्तव ने सिटी कोतवाली भिण्ड पहुंचकर अपना लायसेंसी शस्त्र जमा किया। उन्होंने जिले के समस्त शस्त्र लायसेंसधारी नागरिकों से अपील कर कहा है, कि सभी शस्त्र लायसेंसधारी नागरिक अपने अपने शस्त्र संबंधित थाने में शीघ्र जमा करा दें। समस्त आर्म्स लायसेंसी शस्त्र धारक संबंधित थानों के साथ-साथ वैध आर्म्स डीलर की सेफ कस्टडी में अपने लायसेंसी शस्त्र जमा कर सकते हैं।उन्होंने कहा कि समस्त आर्म्स लायसेंस जो राज्य एवं जिलों से जारी होकर इस जिले में दर्ज /नवीनीकरण नहीं कराए गये हैं, वे सभी लायसेंसी शस्त्र को संबंधित थानों/ वैध आर्म्स डीलर की सेफ कस्टडी में तत्काल जमा कराकर विधानसभा निर्वाचन 2023 स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्वक ढंग से सम्पन्न कराने में सहयोग करें।

# पोरूर ए. टीम ने जीती प्रतियोगिता

पुष्पाजली टुडे
नारायणलाल सेंणचा

**चेन्नई।** सीरवी समाज पोरूर के तत्वाधान में अनकापुत्तुर बढेर में मिनी बॉलीबॉल टूर्नामेंट आयोजित किया गया जिसमें सीरवी समाज की विभिन्न संस्थाओं से 6 टीमों ने भाग लिया। जिसमें पोस्ट ए. पोरुर बी. तांबरम, सीरवी स्पोर्टस चेन्नई स्पोर्टस क्लब, एवं अनकापुत्तुर शामिल रही। सर्वप्रथम प्रथम श्री आईमाताजी की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर सामुहिक आरती कर टूर्नामेंट का शुभारंभ किया गया। जिसमें अनकापुत्तूर वडेर के अध्यक्ष एवं समस्त कार्यकारणी सदस्य उपस्थित रहे। आयोजन समिति ने खेल प्रतियोगिता से संबंधित सभी खिलाड़ियों को नियमों से अवगत कराया। सभी टीमें मजबूत होने के कारण सभी मैच भी टप रहे जिससे



फाइनल देर रात्रि तक हुआ, इस टूर्नामेंट मै पोरूर की ए. टीम ने धमाकेदार प्रदर्शन करते हुए विजेता बनी। वही उपविजेता चेन्नई स्पोर्टस क्लब रही इन्होंने भी शानदार प्रदर्शन किया। सभी टीम के कोच भी उपस्थित रहे एवं खिलाड़ियों को समय समय पर दिशा निर्देश एवं धैर्य के साथ खेलने के टिप्स दिए, आयोजन समिति द्वारा इस टूर्नामेंट का अचानक विचार की वजह से मुख्य अतिथियों एवं मेहमानों आमंत्रित नही कर पाए इसके लिए, इसके उपरांत भी खेल प्रेमियों ने अपने दिल के दरवाजे खोलकर अतुलनीय योगदान एवं सहयोग दिया उसके लिए सभी का आभार व्यक्त किया। इस आयोजन में मंगलाराम मामा, भीरमचंद चोयल, मंगलाराम राठौड़, चंद्रप्रकाश रेडहिल्स माधुराम निरकुन्ड्रम कांतिलाल पड़प्पै सुनील अयापातान्गल, सोहनलाल अनकापूर, दिनेश अनकापुत्तुर, धर्मीचंद मांगाडु, एवं कनाराम मांगाड इन सभी का अनुकरणीय सहयोग रहा इसके लिए आप सभी को भी बहुत बहुत धन्यवाद, अनकापूर बडेर का अतुलनीय योगदान रहा जिन्होंने ग्राउंड, लाईट, माइक्रोफोन के साथ अन्य सुविधाए उपलब्ध कराई गई। आपका भी बहुत बहुत आभार व्यक्त करते हैं।

# विधानसभा चुनाव 2023 के होने से इस वर्ष निजी शास्त्रों का पूजन करने से वंचित रहेंगे 337 शस्त्र धारक मालनपुर क्षेत्र के

दैनिक पुष्पांजली टुडे
संवाददाता
मालनपुर

**मालनपुर।**मध्य प्रदेश विधानसभा 2023 के मध्य होने वाले चुनाव आचार संहिता लगते ही चुनाव निर्वाचन अधिकारी जिला भिंड ने आदेश जारी किए जाने से मालनपुर थाना अंतर्गत आने वाले ग्रामीण क्षेत्र में लगभग 337 आर्मशास्त्र थाने में पंजीकृत हैं जिसमें थाना मालनपुर पुलिस ने क्षेत्र के सभी हथियार शस्त्र लाइसेंस निरस्त किये जा चुके हैं उसी कड़ी में थाने में शस्त्र जमा करने की अंतिम दिन तक जमा किए जा रहे जिसमें क्षेत्र में कुल 337 शस्त्र लाइसेंस है जिसमें लगभग 200 शस्त्र जमा किए जा चुके हैं यह जानकारी थाना प्रभारी डॉक्टर संतोष यादव के निर्देशन में महिला आरक्षक सरस्वती ने बताया है और शस्त्र धारकों को निर्देश दिए गए शस्त्र



जमा नहीं किया तो उनके खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी



# कलश स्थापना के साथ हि शक्ति उपासना का महापर्व नवरात्रि आरंभ

**श्री आई माता मंदिर में हुई घटस्थापना**

पुष्पाजंली टुडे
नारायणलाल सेंणचा

**कुक्षी।** नगर कुक्षी के मध्य स्थित श्री आई माताजी मंदिर मे पंडित श्री घनश्याम जी चास्टा के सानिध्य मे विधि विधान से नवरात्री महोत्स्व के मुख्य यजमान गणेश नारायण काग द्वारा देवी दुर्गा का नौ दिवसीय शारदीय नवरात्री पर्व 15 अक्तूबर को घट स्थापना कर नवरात्री महोत्सव की शुरुआत हुई। देवी भागवत के अनुसार दुर्गा ही ब्रह्मा, विष्णु और महेश



के रूप में सृष्टि का सृजन,पालन और संहार करती हैं। भगवान शिव के कहने पर रक्तबीज शुंभ-निशुंभ,मधु-कैटभ आदि दानवों का संहार करने के लिए देवी पार्वती ने असंख्य रूप धारण किए किंतु देवी के प्रमुख नौ रूपों (माँ शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चंद्रघंटा, कूष्मांडा, स्कंदमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी, सिद्धिदात्री ) की पूजा-अर्चना की गई। माताजी की घट स्थापना मे सिर्वी समाज सकल पंच समिति व वरिष्ठजन, समाज के बंधु,माता बहने बड़ी संख्या मे उपस्थित हुए।

# गोहद पुलिस द्वारा फरार चल रहे 10- 10 हजार रूपये के इनामी आरोपीगणो को गिरफ्तार किया



दैनिक पुष्पांजली टुडे

**भिण्ड ।** पुलिस अधीक्षक असित यादव,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव पाठक एवं एसडीओपी गोहद सौरव कुमार के मार्गदर्शन में गम्भीर अपराध घटित करने वाले आरोपियों की धरपकड़ अभियान के तहत थाना गोहद पुलिस ने धारा 147, 148, 149, 307, 336, 294, 506 भादवि. 25,27 आर्म्स एक्ट के अपराध में फरार चल रहे इनामी आरोपीगणो को गिरफ्तार करने में सफलता मिली।दिनांक 14/10/2023 को जरिये मुखबिर सूचना मिली कि अप.क्र. 31/23 के आरोपीगण किसी काम से अपने घर ग्राम पिपरौली आये हुऐ है। जो मुखबिर सूचना तस्दीक करने उपस्थित सम्पूर्ण बल को ब्रीफ कर दो टीम बनाया। दोनों टीमो मय हथियार मय वाहनों के रवाना होकर आरोपीगण के घर ग्राम पिपरौली पहुंचे जहाँ पर हिकमत अमली दिखाते हुऐ आरोपियों की तलाश उनके घर में किये, जो उपस्थित नही मिले बाद मुखबिर ने बताया कि उक्त दोनों आरोपी अपने मकान के पीछे कुछ दूरी पर धान के खेत में छुप कर बैठे हुऐ है, तो दोनों टीम पुनः वापिस मुखबिर की सूचना तस्दीक हेतु रवाना होकर मुखबिर के बताये अनुसार आरोपियों के घर के पीछे धान के खेत को चारों तरफ से घेर कर आरोपियों को तलाश किया, जो दोनों मुखबिर के बताये अनुसार धान के खेत में छिपकर बैठे थे, जो पुलिस को देखकर भागने का प्रयास किये, जो दोनों को फोर्स के द्वारा घेरा बंदी कर शतर्कता के साथ पकड़कर गिरफ्तार किया। बाद आरोपीगण से घटना में प्रयुक्त आलाजरर एक 306 बोर की बंदूक व एक जिन्दा राउन्ड व एक 315 बोर का कट्टा व एक जिन्दा राउन्ड जप्त किया ।

उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी गोहद निरीक्षक राजेश शर्मा,उपनिरीक्षक मदन सिंह,ध्यानेन्द्र सिंह यादव,प्रधान आरक्षक समरथ मिश्रा,रामेश्वर शर्मा,आरक्षक प्रताप सिंह,उग्रसेन गुर्जर,विवेक जाट,नवीन शर्मा,पदम सिंह,नीरज शर्मा,कुलदीप सिहं,भूपेन्द्र सिंह,सुकेश यादव,धर्मेन्द्र सिंह की सराहनीय भूमिका रही ।

# सीरवी समाज केगेरी आईमाता वडेर में हुई घटस्थापना



पुष्पाजंली टुडे / नारायणलाल सेंणचा

बेंगलूरू । सीरवी समाज ट्रस्ट केगेरी आईमाता वडेर में रविवार को नवदुर्गा मां की घट स्थापना की गई है। संस्था के सचिव सुरेश देवड़ा ने बताया की सोमवार को 11 बजे महंत रामदासजी महाराज कथा का वाचन करेंगे। दिनांक 24 अक्टूबर को प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। इस मौके पर संस्था के अध्यक्ष कन्हैयालाल लचेटा, कोषाध्यक्ष खीवाराम पवांर, गोतम सिंदडा एवं महिला मंडल की अध्यक्ष भारती बाई, सचिव निर्मला बाई एवं समाज के गणमान्य एवं कार्यकारिणी कमेटी के सदस्यों की मौजूदगी में घट स्थापना की। पूजा व आरती की गई आज से नवरात्रि गरबा महोत्सव शुरू होगा 9 दिन गरबा डांडिया रास खेला जाएगा अष्टमी के दिन हवन व पूर्णाहुति होगी ।

# रूपावास में नवरात्र महोत्सव पर माँ अम्बे प्रतिमा की घर स्थापना डांडिया का आयोजन किया



पुष्पांजलि टुडे संवाददाता नरेश कुमार सिरवी पाली राजस्थान

पाली । रूपावास गांव माँ दुर्गा अम्बे मन्दिर घरों प्रतिष्ठान ग्रामीण श्रद्धालु भक्त समाजसेवी हरिभाई पटेल परिवार की अगुवाई रंग बिरंगी रोशनी व फुलो से सजाकर गाजे बाजे ढोल नगाड़े गुज जयकारे लगाते विभिन्न मार्गो से पुष्प वर्षा करते हुए घरों मे प्रतिष्ठान शुभ मुहूर्त के साथ घर स्थापना कर दीप प्रज्वलित कर अम्बे माँ अम्बे दुर्गा की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर मंत्रोच्चार से आरती पुजन कर नौ दिन तक माता भक्ति का व्रत उपवास रखकर संकल्प लेकर गरबा पंडाल को सजाकर डांडिया खनकाने के साथ गुजराती गीता की सरगम रिमिक्स गानो संगीत की स्वर लहरियों बच्चों ने डांडिया थिरका कर नवरात्री महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।भाजपा जिला सहसंयोजक पायल पटेल नाजु देवी ऑजणा हार्दिक देवेन्द्र पटेल सोनाराम भैराराम चौथाराम नरसिंह राम भीमाराम मांगीलाल जालमसिंह मालवी मोहनलाल कड उदाराम भूरिया चेनाराम ढलाराम घाँची सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे ।

# खरगोन जिले की भगवानपुरा विधानसभा क्षेत्र 186 से कांग्रेस पार्टी हाईकमान नई दिल्ली द्वारा अपना उम्मीदवार केदार डावर को प्रत्याशी घोषित किया गया



खरगोन जिले से मुन्ना खान
पुष्पांजलि टुडे

आज खरगोन कार्यालय परिसर पर भगवानपुरा विधानसभा क्षेत्र के 186 से कांग्रेस पार्टी हाईकमान नई दिल्ली द्वारा कांग्रेस प्रत्याशी केदार डावर को अपना उम्मीदवार घोषित किया गया डावर ने बताया गया कांग्रेस हाईकमान द्वारा सर्वे रिपोर्ट नई दिल्ली गई थी और जनता द्वारा मेरे ऊपर भरोसे को देखते हुए कांग्रेस पार्टी ने अपना उम्मीदवार घोषित किया गया कांग्रेस पार्टी की सरकार बनेगी और मेरे क्षेत्र क्या जिले में रूके हुए विकास कार्यों प्रथमिकता से पुरा करूंगा शांति लाल पाटीदार धना लाल वर्मा पंकज सिंह ठाकुर अय्युब खान मुबारिक खान जितेन्द्र कोचले मनोज कोचले बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे कार्यकर्ताओं द्वारा फुलमाला पहनाकर गले मिलकर पटाखे फोड़कर आतिशबाजी करते हुए बधाई दी गई कार्यकर्ताओ द्वारा कांग्रेस पार्टी भगवानपुराड्ढ4 विधानसभा क्षेत्र केदार डावर का मुंह मिठा किया गया डावर द्वारा सबको धन्यवाद दिया गया

# घर-घर जाकर संपर्क कर मतदान की अलख जगाएं, तभी बढ़ेगा प्रतिशत :जिला निर्वाचन

दैनिक पुष्पांजली टुडे

**कोई भी मतदाता मतदान से वंचित नहीं रहे**

**भिण्ड ।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजीव श्रीवास्तव की अध्यक्षता में विधानसभा निर्वाचन 2023 की तैयारियों के संबंध में जिला अधिकारी एवं निर्वाचन नोडल अधिकारियों की कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक ली। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत एवं नोडल स्वीप मनोज सरियाम, अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजकुमार खत्री, एसडीएम भिण्ड, डिप्टी कलेक्टर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री श्रीवास्तव ने कहा कि पिछले विधानसभा निर्वाचन में जिले का मतदान प्रतिशत कम रहा है इसलिए सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका, सचिव और ग्राम रोजगार सहायक कम मतदान प्रतिशत वाले ग्राम एवं मतदान केन्द्र से



संबंधित घर-घर जाकर संपर्क करके मतदाताओं को जागरूक करें। लोगों को मतदान का महत्व समझाएं और मतदान प्रतिशत ब?ाने का प्रयास करें। कोई भी मतदाता मतदान से वंचित नहीं रहे।उन्होंने कहा कि सभी जिला अधिकारी अपने अधीनस्थ कर्मचारियों द्वारा सभी मतदान केन्द्रों का निरीक्षण करवा कर सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त हैं या नहीं चौक करवा लें। जिन मतदान केन्द्रों पर रैम्प अभी तक नहीं बने हैं वहां तत्काल रैम्प बनाए जाएं। जिन विभागों के कार्यालय, अधिनस्थ कार्यालय में मतदान केंद्र बनाए गए है सभी यह सुनिश्चित कर लें की सभी जगहों पर विद्युत कनेक्शन हो।

# राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ बनासकांठा जिले की जीला कारोबारी बैठक पालनपुर तहसील के भागल प्राथमिक शाला ( जगाणा ) में आयोजित हुई

पाटन ब्यूरो दैनिक पुष्पांजली टुडे

**गुजरात7** आज दिनांक 15 अक्तूबर 2023 को भागल जगाणा केंद्रवर्ती पगार विद्यालय में बनासकांठा जिले की कारोबारी बैठक का आयोजन हुआ। इस बैठक में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ बनास विभाग के कार्यवाह श्री नटुभाई जोषी और विभाग के सह कार्यवाह श्री दशरथभाई ठक्कर विशेष उपस्थित रहे राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ गुजरात प्रांत के अध्यक्ष श्री भीखाभाई पटेल की अध्यक्षता में आयोजित हुई बैठक में प्राथमिक, माध्यमिक और मुख्य शिक्षक( ॥ञ्ज्ञ) संवर्ग की जिला कारोबारी की नवीन रचना हुई। गुजरात प्रांत अधिकारी अध्यक्ष श्री भीखाभाई पटेल, महामंत्री श्री मितेशभाई भट्ट , मुख्य शिक्षक ( ॥ञ्ज्ञ) संवर्ग के प्रांत अध्यक्ष श्री नाथुभाई घोया, प्राथमिक संवर्ग के प्रान्त सह संगठन मंत्री श्री परेशभाई पटेल, प्राथमिक संवर्ग के प्रांत उपाध्यक्ष श्री बाबूभाई देसाई एवं किशोरभाई परमार, राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के प्रांत कोषाध्यक्ष श्री रमेशभाई



चौधरी की प्रेरक उपस्थिति के बीच बनासकांठा प्राथमिक शैक्षिक महासंघ के अध्यक्ष श्री भूराजी राठौड़ तहसील - वाव, मंत्री श्री निमेशभाई मकवाणा तहसील पालनपुर , संगठन मंत्री श्री महेशभाई प्रजापति, सह संगठन मंत्री श्री प्रदीपभाई चौधरी, महिला उपाध्यक्ष सुरक्षाबेन पटेल, महिला मंत्री रंजनबेन ठक्कर, उपाध्यक्ष सुरजमलसिंह देवल,कनैयालाल पटेल,जलाभाई देसाई,भरतसिंह दियोल,चेलाभाई पटेल सहमंत्री गेनाजी परमार, प्रचार प्रमुख कनुभाई जोषी कोषाध्यक्ष उत्पलभाई कुलकर्णी के नाम की घोषणा की गई। मुख्य शिक्षक ( ॥ञ्ज्ञ) संवर्ग अध्यक्ष का दायित्व हरिसिंह परमार तहसील डीसा, और मंत्री मोहनभाई गामी,संगठन मंत्री निलेशभाई श्रीमाली, महिला उपाध्यक्ष कुसुमबेन महेरिया ,महिला मंत्री हिनाबेन मकवाणा, उपाध्यक्ष ईश्वरभाई पटेल, मनहरदान गढवी,समराजी घाडीया, अजीतभाई परमार, प्रचार प्रमुख भगवानभाई पटेल, सह संगठन मंत्री परिमलभई पढियार, सह मंत्री मफाभाई पटेल के नाम की घोषणा की गई। राज्य प्रतिनिधि के तौर पर नाथुभाई घोया,गणेशभाई पटेल,हरजीभाई वाघेला, लाखाभाई वेण और किशोरभाई परमार के नाम की घोषणा हुई। माध्यमिक विभाग आचार्य संवर्ग में डॉ. विष्णुभाई मोदी मुख्य संयोजक और साथ में प्रमुख दायित्वो की भी घोषणा प्रान्त अध्यक्ष द्वारा हुई । नये दायित्ववान पदाधिकारियों को राज्य की ओर से



शुभकामनाएं देते हुए प्रान्त अध्यक्ष ने बताया की गुजरात में सबसे ज्यादा शिक्षकों की संख्या वाला जिला सदस्यता में भी सबसे आगे रहना चाहिए । जिल्ले के 14 तहसील में से 125 कार्यकर्ताओकी प्रेरक उपस्थिति में दो सत्रों में हुई बैठक में दूसरे सत्र में जिले के प्रश्नों को सुना और उनके निवारण हेतु चर्चा हुई। जिस में पुरानी पेंशन योजना के बारे में गुजरात प्रांत के अध्यक्ष श्री भीखाभाई पटेल ने विश्वास के साथ कहा की संगठन पुरानी पेंशन योजना लागू करवाने के लिए कटिबद्ध है और भविष्य में जरूरत पड़ी तो आंदोलन का रास्ता भी चुना जा सकता है और पुरानी पेंशन योजना का लाभ सभी शिक्षक के साथ सभी कर्मचारी को मिले इस बात पर विश्वास जताया। साथ में बीएलओ, एकम कसौटी जैसे प्रश्नों को सरकार समक्ष प्रस्तुत करके निवारण हेतु संगठन प्रयत्नशील है। मुख्य शिक्षक संवर्ग में तबादले के नियम भी जल्द ही जाहिर होंगे ऐसा विश्वास व्यक्त किया गया। विभाग सह कार्यवाह श्री दशरथभाई ने संगठन के कार्यकर्ता के नाते हमारा व्यवहार कैसा होना चाहिए,अनुशासित संगठन में हमारे व्यवहार ओर राष्ट केन्द्रीत रचनात्मक कार्यक्रम निरंतर करके हुए हम हमारी अलग पहचान बना पाएंगे, सबको साथ लेकर निरंतर बढ़ते रहें इस बारे में विभाग सह कार्यवाह दशरथभाई के द्वारा मार्गदर्शन किया गया। महामंत्री मितेषभाई भट्ट के



द्वारा हाल ही में संपन्न हुई नागपुर बैठक के बारे में चर्चा की गई। प्रांत कोषाध्यक्ष रमेशभाई चौधरी के द्वारा संगठन में अनुशासन और कार्य कैसा होना चाहिए इसके बारे में विस्तृत जानकारी दी। पूरे कार्यक्रम का संचालन गणेशभाई पटेल द्वारा किया गया। और अंत में सभी कार्यकर्ता के लिए भोजन की सुंदर व्यवस्था और कार्यक्रम के सुचारू आयोजन द्वारा सफल बनाया गया।

संपादकीय

# आशा पारेख का जायज सवाल

वैसे तो कोई अपनी कमाई से कितना अपने पास रखता है और कितना लोगों के बीच बांट देता है, यह पूरी तरह से उसका निजी निर्णय होता है, लेकिन जब कोई ऐसे विशिष्ट उपक्रम करता है जिसका लक्ष्य किसी व्यक्ति या समुदाय विशेष की स्थिति की ओर लोगों का ध्यान आकृष्ट करना हो तो इस तरह की उम्मीद करना नाहक नहीं कहलायेगा, कि इससे हुई कमाई का थोड़ा–बहुत हिस्सा उन लोगों तक पहुंचे, जिसे या जिन्हें केन्द्र में रखकर वह काम किया गया हो और उससे बड़ी आय या आर्थिक लाभ काम करने वाले को मिला हो। इस बात का सन्दर्भ पिछले वर्ष विवेक अग्निहोत्री द्वारा कश्मीरी पंडितों के पलायन एवं उनकी तकलीफों पर बनाई गई फिल्म दी कश्मीर फाइल्स से जुड़ता है। बुधवार को बीते दिनों की सिने स्टार आशा पारेख द्वारा एक न्यूज चौनल के कार्यक्रम में दिये उस बयान से जुड़ता है, जिसमें उन्होंने पूछा कि इस फिल्म से अग्निहोत्री ने इतने पैसे कमा लिये पर उन्होंने कश्मीरी हिन्दुओं पर कितनी राशि खर्च की? इस फिल्म के बारे में कहा जाता है कि उसकी लागत 15–20 करोड़ रुपये मात्र थी जबकि उसने 400 करोड़ रुपए का लाभ कमाया। दो फिल्मफेयर, पद्मश्री एवं दादासाहेब फालके पुरस्कारों से सम्मानित 81 वर्षीया अदाकारा ने कहा कि उन्होंने फिल्म नहीं देखी है इसलिये वे उसके विवादास्पद पहलुओं पर कुछ नहीं कहेंगी। यह पूछने पर कि क्या ऐसी फिल्में बननी चाहिये, उन्होंने कहा कि अगर लोग देखना चाहते हैं तो बनती रहें। निर्माताओं का हिस्सा 200 करोड़ रुपये का अनुमान लगाते हुए उन्होंने सवाल किया कि जम्मू–कश्मीर में हिन्दू बगैर बिजली–पानी के रह रहे हैं पर क्या निर्देशक ने अपने लाभ से कुछ उनकी मदद की? यह फिल्म उसी समय विवाद में आ गई थी, जब माना गया था कि इसके निर्माण का उद्देश्य कश्मीरी पंडितों के खिलाफ आतंकवादियों का उत्पीड़न दिखलाते हुए हिन्दुओं की भावनाओं को भड़काना है जिससे भारतीय जनता पार्टी के साम्प्रदायिक ध्रुवीकरण का एजेंडा सधता हो। इसमें फिल्म को आंशिक सफलता भी मिली थी लेकिन लोगों को यह खेल समझ में आ चुका है क्योंकि इस फिल्म का स्वयं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी प्रचार करते नजर आये थे। उन्होंने इस फिल्म की विशेष स्क्रीनिंग कराई और मंत्रियों व पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बैठकर इसे देखा था। इतना ही नहीं, उन्होंने लोगों से इसे देखने की अपील भी की थी। इसके बाद आई दी केरला स्टोरी का भी राजनीतिक लाभ उठाने का प्रयास भाजपा ने कर्नाटक के विधानसभा चुनाव के पहले किया था। छोटे पर्दे के सीरियलों से अपना निर्देशकीय कैरियर बनाने वाले अग्निहोत्री को हिन्दुवादी राजनैतिक सोच वाला व्यक्ति माना जाता है जिनकी फिल्मों का उद्देश्य अब भाजपा व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के लिये फिल्में बनाकर जन समर्थन हासिल जुटाना रह गया है। इस फिल्म को नरगिस दत्त राष्ट्रीय एकता पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया था। यानी माना गया कि इस फिल्म से भारत की एकता मजबूत होती है। वास्तविकता तो यह है कि इसका उद्देश्य लोगों को जोड़ना नहीं वरन बांटना है। अग्निहोत्री की हाल ही में आई एक और मूवी श्दी वैक्सीन वॉरश कोरोना के दौरान भारत की कोविड निरोधी टीके बनने की कहानी है जिसमें यह बतलाने की कोशिश है कि देश आज जो खुली सांसें ले रहा है वह इन्हीं वैक्सीनों के कारण है और फिल्म में अप्रत्यक्ष रूप से इसका पूरा श्रेय नरेन्द्र मोदी की कार्यप्रणाली व दृष्टिकोण को दिया गया है। अग्निहोत्री किस तरह से इन भावनाओं के दोहन द्वारा आर्थिक लाभ कमाते हैं, उसका अनुमान इसी बात से लगाया जा सकता है कि उनके बारे में एक अखबार ने प्रकाशित किया कि दी कश्मीर फाइल्स के माध्यम से विवेक एवं निर्माता के रूप में उनकी अभिनेत्री पत्नी पल्लवी जोशी ने मुंबई के वर्सोवा में करीब 20 करोड़ रुपये का एक लग्जरी अपार्टमेंट खरीदा है। कुछ समय बाद उनके अपनी पत्नी के साथ बैंकॉक की खर्चीली यात्रा की तस्वीरों ने भी सनसनी फैलाई थी। लोगों ने तंज कसा था कि देश में हिंदू–मुस्लिम का झगड़ा लगाकर ये लोग विदेश में मौज–मस्ती कर रहे हैं। पल्लवी ने ही फिल्म दी कश्मीर फाइल्स में नायिका की भूमिका निभाई थी। महंगे घर खरीदने या विदेशों की सैर करने पर किसी को कोई आपत्ति नहीं है और न होनी चाहिये। ऐसा वे सारे करते हैं जो इस तरह से पैसे कमाते हैं, लेकिन आशा पारेख का सवाल अपनी जगह पर खड़ा है और इसलिये जायज है कि वे ऐसी फिल्में बनाने वाले की मंशा और प्रयोजन पर सवालिया निशान लगाती हैं। इस फिल्म को देखकर लोगों का कश्मीरी आतंकवादियों के बहाने मुस्लिमों के खिलाफ रोष बढ़ा था जो भाजपा के वोट बैंक को बढ़ाता है। आशा पारेख अत्यंत सम्मानित अभिनेत्री रही हैं जिनका बहुत सफल फिल्मी कैरियर रहा है और वे विवादों से हमेशा परे रही हैं। वे निर्विवाद रूप से हर मायने में एक सफल अदाकारा रही हैं जिन्हें जीवन में सब कुछ मिल चुका है।

# आपदा को आमंत्रण

संजीव सेठ

> *तब अनुमान था कि राज्य के सत्ताधीश पर्यावरण संरक्षण व भूक्षरण को रोकने की दिशा में कोई दूरगामी पहल करेंगे। बढ़ती आबादी व निर्माण के बोझ से दबे शिमला को राहत देने के लिये दूरदृष्टि वाले फैसले लेंगे।*

ज्यादा समय नहीं हुआ जब हालिया मानसून में अतिवृष्टि के चलते शिमला के लोग भयाक्रांत थे। लगातार भूस्खलन व कई इमारतों के धराशायी होने के वीडियो सारी दुनिया में वायरल हो रहे थे। तब अनुमान था कि राज्य के सत्ताधीश पर्यावरण संरक्षण व भूक्षरण को रोकने की दिशा में कोई दूरगामी पहल करेंगे। बढ़ती आबादी व निर्माण के बोझ से दबे शिमला को राहत देने के लिये दूरदृष्टि वाले फैसले लेंगे। लेकिन जब हालिया बारिश से उपजी आपदा के जख्म अभी सूखे भी नहीं हैं राज्य सरकार ने शिमला की हरित पट्टियों में नये निर्माण को हरी झंडी दे दी है। शिमला में अतिवृष्टि से हुई अभूतपूर्व तबाही के लगभग दो महीने बाद ही आश्चर्यजनक निर्णय लेते हुए हिमाचल मंत्रिमंडल ने राज्य की राजधानी में 17 संवेदनशील हरित पट्टियों के कुछ हिस्सों में नये निर्माण की राह खोल दी है। उल्लेखनीय है कि शिमला के बेहतर भविष्य के लिये दिसंबर, 2000 में इन क्षेत्रों में भवन निर्माण गतिविधियों पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगा दिया गया था। खास बात यह कि इन 17 हरित पट्टियों को 'शिमला के फेफड़ों' की संज्ञा दी जाती है क्योंकि इससे शहर की आबोहवा की गुणवत्ता का संवर्धन



होता रहा है। दरअसल, 414.36 हेक्टेयर क्षेत्रफल में फैली इस बेल्ट में निर्माण कार्यों पर इसलिये प्रतिबंध लगाया गया था ताकि पर्यावरण मित्र देवदार के वृक्षों का संरक्षण किया जा सके। शिमला के लोग नहीं भूले हैं कि इस मानसून में हुई अप्रत्याशित बारिश में इस शहर ने जीवनदायी एक हजार के करीब देवदार के वृक्षों को खोया है। यही वजह है कि 23 वर्ष के अंतराल के बाद इस शहर की हरित पट्टियों में आवासीय निर्माण के उद्देश्यों से अनुमति देने के निर्णय की आलोचना पर्यावरणवादी कर रहे हैं। उनका मानना है कि राज्य के सत्ताधीशों को ध्यान रखना चाहिए कि शहर के पर्यावरण संतुलन में योगदान देने वाली हरित पट्टियों के मूल स्वरूप से छेड़छाड़ घातक साबित हो सकती है। जाहिर है 23 साल पहले जनसंख्या व निर्माण का दबाव कम होने तथा पर्यावरणीय स्थिति अनुकूल होने के बावजूद शहर के फेफड़ों का काम करने वाली हरित पट्टी में यदि निर्माण कार्य पर रोक लगायी गई थी तो वजह तार्किक थी। जिनका विचार अब निर्माण की अनुमति देते वक्त भी किया जाना जरूरी था। इसी मकसद से नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने भी नये निर्माण पर रोक लगायी थी। लेकिन राजनीतिक–आर्थिक लाभ के लिये सत्ताधीशों ने पुराना फैसला बदल दिया। जाहिर है इस फैसले से पहले ही निर्माण के बोझ से चरमराई शिमला नगरी की चुनौतियों में वृद्धि ही होगी। हाल की बरसात में हुई तबाही के बाद भारत की अग्रणी वैज्ञानिक अनुसंधान संस्थाओं ने खुलासा किया था कि देश के कई पर्वतीय शहर बढ़ती आबादी का बोझ उठाने में सक्षम नहीं हैं। जिसके चलते उत्तराखंड में व्यापक भूस्खलन की आपदा जोशीमठ में नजर आई। इस तरह के आसन्न संकट वाले कई शहर हिमाचल में भी हैं। लेकिन राज्य मंत्रिमंडल ने इस चुनौती के बावजूद ग्रीन–बेल्ट क्षेत्र को निर्माण हेतु खोल दिया। जिसके लिये शिमला विकास योजना यानी एसडीपी में संशोधन करने का निर्णय लिया गया है। हालांकि, कहा जा रहा है कि उस क्षेत्र में निर्माण की अनुमति दी जाएगी जहां पेड़ नहीं होंगे। लेकिन पहले से इमारतों के भारी बोझ से दबे इलाकों में निर्माण से प्राचीन देवदार के जंगलों के लिये नया संकट पैदा हो सकता है। पर्यावरण कार्यकर्ता कह रहे हैं कि सरकार का यह निर्णय पर्यावरण विशेषज्ञों के उस दृष्टिकोण के विपरीत है जिसमें उन्होंने सूखते शंकुधारी वृक्षों को बचाने के लिये उपचारात्मक उपाय करने पर बल दिया था। दरअसल, शिमला विकास योजना में संशोधन को देश की शीर्ष अदालत से तीन मई को हरी झंडी मिलने के बाद राज्य की कैबिनेट ने 19 जून को इस फैसले को मंजूरी दे दी थी। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया था कि सभी आपत्तियों का निराकरण होने तक एसडीपी में बदलाव को लागू नहीं किया जाना चाहिए। उल्लेखनीय है कि एनजीटी ने भी दिसंबर, 2017 में इन क्षेत्रों में नये निर्माण की अनुमति के प्रस्ताव पर रोक लगाई थी।

# प्रकृति गर्भ से अरबों जीव आ चुके

हृदयनारायण दीक्षित

देवी उपासना के उल्लासधर्मा उत्सव चल रहे हैं। यह प्रकृति की आराधना है। प्रकृति मां है। हम सब इसी के अंश हैं, इसी में पलते हैं। प्रकृति गर्भ से अरबों जीव आ चुके। प्रतिपल आ रहे हैं। सतत् अविरल। पुनर्नवा। फूल, फल वनस्पति, प्राणी। प्रश्न उठते हैं कि बार–बार क्यों होता है ऐसा सृजन? वैसी ही नन्ही चिड़िया, गाय का निर्दोष बछड़ा। निष्कलुष, अनासक्त, लोभ मुक्त शिशु। जीवन अद्वितीय है। मां का ही प्रसाद है। प्रकृति सृजनरत है। यह संभवतः कोई गीत रच रही है – अनंत काल से। अपूर्ण गीत को फिर–फिर संशोधित करती है। छन्दबद्ध करती है। लय देती है। प्रकृति लालित्य रस से भरीपूरी है। सृजन रहस्यपूर्ण है "ऊधो कहि न जाय का कहिएध्देखत अति विचित्र रचना यह समुझि मनै मन रहिए। यह जीर्ण शीर्ण को निरस्त करती है बार–बार। फिर नूतन प्रवाह और बार–बार सृजन। प्रकृति माता है। हम सबको सींचती है प्रतिपल। वनस्पतियां आकर्षित करती हैं। वे हमारी प्राण ऊर्जा की पूरक हैं। कीट पतिंग विविध परिधान में घूमते हैं। प्रकृति दशों दिशाओं से अनुग्रह की वर्षा करती है। हमारा अनुगृहीत भाव स्वाभाविक है। यहां समूची प्रकृति के प्रति धन्यवाद भाव है। वह हमारी माता है। दिव्यता के कारण देवी है। जननी होने के कारण माता है। यह जीवन प्रकृति का ही उपहार है। प्रकृति का पोषण, संवर्द्धन मां की ही सेवा है। व्रत आदि आस्था के विषय हैं। मुख्य बात है – प्रकृति में मां देखने की अनुभूति। यह अनुभूति 'सर्वभूतेषु मातृरूपेण' प्रतीति है। प्रकृति स्वयंभू है, सदा से है। सभी रूप प्रकृति के ही रूप हैं। प्रकृति को मां देखते ही हमारी जीवनदृष्टि बदल जाती है। हम अपनी सुविधा के लिए उन्हें अनेक नाम देते हैं। दुर्गा, काली, सरस्वती, शाकम्भरी, महामेधा, कल्याणी, वैष्णवी, पार्वती आदि आदि। नाम स्मरण आंतरिक बोध में भी सहायक हैं। मूलभाव है – मां। या देवी सर्वभूतेषु मातृरूपेण संस्थिता, नमस्तस्ये, नमस्तस्ये नमो नमः। प्रकृति को दिव्य मां देखना अंधविश्वास का प्रश्न नहीं। प्रकृति अखण्ड इकाई है। इस अखण्ड इकाई का नाम क्या रखें? नाम रखते ही रूप का ध्यान आता है। रूप की सीमा है। प्रकृति अनंत है। असीम और अव्याख्येय। इसे मां कहने में आह्लाद है। सम्प्रति भारत का मन भावप्रवण है। भावप्रवण चित्त में ही शिवसंकल्प उगते हैं। दुनिया का सारा सुन्दर भावप्रवण लोगों ने गढ़ा है। सुन्दर काव्य या सुन्दर ऊक्त–सूक्त। कला सहित सारे सृजन। प्रकृति प्रत्यक्ष भाव बोध में माता है। माता देवी है। देवी माता है। देवी उपासना मां और संतान के अविभाज्य और अनिवर्चनीय प्रेम का चरम है। दुर्गा सप्तशती में भी यही अनुभूति है। यह मां सर्वभूतेषु उपस्थित है। मां मां है। मां न स्त्री है और न पुरूष। वह देवी है, दिव्य है, देवता है। प्रणम्य है। मां उपासना वैदिक काल से भी प्राचीन है। ऋग्वेद में पृथ्वी माता हैं ही। इडा, सरस्वती और मही भी माता हैं, ये तीन देवियां कही गयी हैं – इडा, सरस्वती, मही तिस्रो देवीर्मयो भुव।" (1.13.9) एक मंत्र (3.4.8) में "भारती को भारतीभिः कहकर बुलाया गया है–आ भारती भारतीभिः।" मां हरेक क्षण स्तुत्य है। दुख और विषाद में मां आश्वस्तिदायी है तो प्रसन्नता और आह्लाद में भी मां की उपस्थिति जरूरी है। इसलिए 'भारती' को नेह–न्योता है। भारतीभिः भरतजनों की इष्टदेवी हैं। ऋग्वेद में ऊषा भी देवी हैं। एक सूक्त (1.124) में "ये ऊषा देवी नियम पालन करती हैं। नियमित रूप से आती हैं।" (वही मन्त्र 2) ऊषा, "सबको प्रकाश आनंद देती हैं। अपने पराए का भेद नहीं करतीं।" (वही, 6) सबको समान दृष्टि से देखती हैं। ऋग्वेद में जागरण की महत्ता है। इसलिए "सम्पूर्ण प्राणियों में सर्वप्रथम ऊषा ही जागती हैं।" (1.123.2) प्रार्थना है कि "हमारी बुद्धि सत्कर्मो की ओर प्रेरित करे।" (वही, 6) ऊषा सतत् प्रवाह है। आती हैं, जाती हैं फिर फिर आती हैं। जैसी आज आई हैं, वैसे ही आगे भी आएंगी।" ऋग्वेद में मन की शासक देवी का नाम 'मनीषा' है। मनीषा और प्रज्ञा पर्यायवाची हैं। ऋषि आवाहन करते हैं "प्र शुकैतु देवी मनीषा"। (7.34.1) ऋग्वेद में श्रद्धा भी एक देवी हैं, "श्रद्धा प्रातर्हवामहे, श्रद्धा मध्यंदिन परि, श्रद्धां सूर्यस्य निम्रुचि श्रद्धे श्रद्धापयेह नः" – हम प्रातः काल श्रद्धा का आवाहन करते हैं, मध्यान्ह में श्रद्धा का आवाहन करते हैं, सूर्यास्त काल में श्रद्धा की ही उपासना करते हैं। हे श्रद्धा हम सबको श्रद्धा से परिपूर्ण करें। (10.151.5) श्रद्धा प्रकृति की विभूतियों में शिखर है–श्रद्धां भगस्तय मूर्धनि। (10.151.1) ऋग्वेद में जल को भी मां देखा गया है। वे 'जल माताएं' आपः मातरम् हैं और देवियां हैं। मां ही जन्म देती है। मां नहीं तो सृष्टि विकास नहीं। ऋग्वैदिक ऋषियों की अनुभूति में संसार के प्रत्येक तत्व को जन्म देने वाली यही आपः माताएं हैं–विश्वस्य स्थातुर्जगतो जनित्रीः (6.50.7) ऋग्वेद के बहुत बड़े देवता है अग्नि। इन्हें भी आपः माताओं ने जन्म दिया हैरू तमापो अग्निं जनयन्त मातरः (10.91.6) ऋग्वेद में वाणी की देवी वाग्देवी (10.125) हैं। वाणी की शक्ति अपरिमित है। वाग्देवी (ऋग्वेद वाक्सूक्त 10.125) कहती हैं–"मैं रूद्रगणों वसुगणों के साथ भ्रमण करती हूँ। मित्र, वरूण, इन्द्र, अग्नि और अश्विनी कुमारों को धारण करती हूँ। मेरा स्वरूप विभिन्न रूपों में विद्यमान है। श्रवण, मनन, दर्शन क्षमता का कारण मैं ही हूँ। मैं समस्त लोकों की सर्जक हूँ आदि। वे 'राष्ट्री संगमनी वसूनां – राष्ट्रवासियों और उनके सम्पूर्ण वैभव को संगठित करने वाली शक्ति – राष्ट्री हैं'। (10.125.3) हम सबने भारत को भी भारत माता जाना। मां सर्वोत्तम अनुभूति है, प्रकृति की आदि अनादि अनुभूति। जीवन के हरेक स्पंदन में मां है। हम विराट का अंश है। मां भी विराट का अंश है। विराट अपने अंश हममें प्रकट करता है। मां को माध्यम बनाता है। हम 9 माह गर्भ में रहते हैं। मां की सांस हमारी सांस बनी रहती है। मां जागती रहती है, हम सो सकते हैं। वह सोई हो, तो भी हम जागते रह सकते हैं। गर्भ में हम ईर्ष्या राग द्वैष से मुक्त रहते हैं।




मेष :– कुछ आर्थिक प्रगति के लिए मन में नई–नई युक्तियां उत्पन्न होंगी। कुछ नई सफलताएं सुखों का आगाज करेंगी। योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। शिक्षा में किया गया परिश्रम तीव्र होगा।

बृषभ :– नैतिक–अनैतिक आदि के बारे में सोचने वाला मन भौतिक परिवेश के साथ तालमेल बिठाने में असमर्थ होगा। नाजुक संबंधों में भावनात्मक तालमेल बिठाने का प्रयत्न करें। आलस्य कतई न करें।

मिथुन :– दूसरों की सफलता से अपने अंदर हीनता न आने दें। नौकरी का वातावरण थोड़ा अरुचिकर होगा तथा स्थान परिवर्तन का योग है। पारिवारिक संबंधों में कटुता जैसी स्थिति उत्पन्न न होने दें।

कर्क :– रोजगार में कुछ आकस्मिक सफलता का योग है। पारिवारिक दायित्वों की पूर्ति में व्यय संभव। अपनी क्षमताओं व गुणवत्ता पर भरोसा रखें क्योंकि आगे बहुत सारी सफलताएं मिलेंगी।

सिंह :– रोजगार क्षेत्र में नये अवसर उत्साह का संचार करेंगे। आवेश में लिये गये निर्णय से हानि संभव। असीम प्रतिभाओं के बावजूद भी हीन मन प्रतिभाओं के लाभ से वंचित करेगा। घर में खुशहाली रहेगी।

कन्या :– आपकी सारी समस्याएं खुद ब खुद सुलझ जाएंगी। आप धैर्य से समय का इंतजार करें। दूसरों की आलोचना का असर अपने मनोबल पर न पड़ने दें। ग्रहों की अनुकूलता अच्छे अवसर प्रदान करेगी।

तुला :– कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। विरोधियों की प्रबलता से कार्यक्षेत्र में कठिनाइयां संभव। जीविका क्षेत्र में नये आयाम उत्साहित करेंगे। कल्पनाओं में जीना छोड़ वर्तमान में जियें।

वृश्चिक :– बीती बातों को भूल वर्तमान में जीने का प्रयास करें। नये कायरें के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा। कुछ नये उत्साह व कार्य क्षमता की अनुभूति करेंगे। कल्पनाएं सार्थकता हेतु उद्वेलित करेंगी।

धनु :– दूसरों की बात इधर से उधर करना आपका शोभा नहीं देता है। किसी सहकर्मी के खराब व्यवहार से कष्ट संभव। कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। जीवन साथी के साथ मधुरता कायम रखें।

मकर :– प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा। कार्यक्षेत्र में अपनी क्षमताओं का भरपूर लाभ उठाएंगे। किसी विपरीतलिंगी संबंध के प्रति आकर्षण बढ़ेगा। रोजगार में समस्याएं आएंगी।

कुंभ :– राजनीतिक सरगर्मियों से व्यस्तता बढ़ेंगी। मित्रवत संबंधों का लाभ प्राप्त होगा।

# राष्ट्र की उन्नति में शिक्षा,भाषा की भूमिका

संजीव ठाकुर

> *ऐसी शिक्षा तथा ज्ञान के कारण मानव चंद्रमा पर पहुंच कर एक नई गाथा लिख पाया हैस वस्तुतः पूर्व तथा पश्चिम ज्ञान विज्ञान तथा शिक्षा के मामले में एकाकार हो चुका है कोई भी भेदभाव या विभाजन रेखा नहीं खींची जा सकती है।*

यह सर्वविदित है कि इतिहास का पन्ना पलटें तो हर सभ्यता ने अपने कई कई रूप बदले हैंस संस्कृति ने नए नए नए आयाम का सृजन किया हैस वैसे भी जीवन परिवर्तन का पर्याय है एवं विकास का स्वरूप हैस यह सर्वकालीन सत्य है कि शिक्षा एवं ज्ञान का महत्व हर संस्कृति, सभ्यता और मानवीय समुदाय के जीवन में एक प्रकाश पुंज की तरह उन्हें विकास की दिशा दिखाते हुए आया हैस जिस देश की भाषा जितनी समृद्ध होगी उस देश की सभ्यता संस्कृति और ज्ञान उत्तम शिखर पर होगा और विकास की नई नई धाराएं बहेगीस मानवीय विकास के साथ मनुष्य को अधिक परिपक्व को समझदार तथा समृद्ध बनाने में शिक्षा,भाषा, ज्ञान और साहित्य का सर्वाधिक महत्व रहा हैस शिक्षा चाहे आपके परिवार से प्राप्त हुई हो, स्कूल कॉलेज अथवा किसी शिक्षण संस्थान से प्राप्त हुई हो या भारतीय संस्कृति के वैदिक शास्त्रों से प्राप्त हुई हो, शिक्षा का मनुष्य के व्यक्तित्व के निर्माण में बड़ी अहम भूमिका होती हैस शिक्षा भी समाज संस्कृति एवं सभ्यताओं के साथ परिवर्तनशील तथा प्रगतिशील है। शिक्षा, ज्ञान तथा संस्कृति और कला साहित्य को देश और विदेश की सीमाओं में बांधा नहीं जा सकता है। यह असीमित भंडार है एवं इसमें आकाशीय ऊंचाइयां भी शामिल रहती हैंस शिक्षा और ज्ञान न तो गहराइयां न ही नापी नजा सकती है, और ना ही इसकी ऊंचाई को देखा जा सकता है। पूर्वी सभ्यता जहां अध्यात्म, वेद ,पुराणों पर अवलंबित है, वहीं पश्चिमी सभ्यता ज्ञान विज्ञान नए नए अविष्कार और आकाश की अनछुई कई बातों को उजागर करने वाली है। ऐसी शिक्षा तथा ज्ञान के कारण मानव चंद्रमा पर पहुंच कर एक नई गाथा लिख पाया हैस वस्तुतः पूर्व तथा पश्चिम ज्ञान विज्ञान तथा शिक्षा के मामले में एकाकार हो चुका है कोई भी भेदभाव या विभाजन रेखा नहीं खींची जा सकती हैस पूरी सभ्यता ने जहां पाश्चात्य दर्शन से नए नए अविष्कारों हवाई जहाज, इंजन, ग्रामोफोन, रेडियो एवं नई नई टेक्नोलॉजी को अपनाया है वहीं पश्चिमी दर्शन ने भारती ज्ञान विज्ञान संस्कार आयुर्वेद योग धर्म दर्शन को अपना कर अपनी जीवनशैली में शांति तथा सौभाग्य स्थापित किया हैस यह सब शिक्षा भाषा एवं ज्ञान के बदौलत पूर्व और पश्चिम का मेल संभव हो पाया हैस शिक्षा और भाषा सदैव ही अज्ञानता के तमस में एक प्रकाश पुंज की तरह देदीप्यमान होता रहा है, नवजीवन की विकास धारा में सदैव महत्वपूर्ण भूमिका निभाता आया हैस हमारे कई धर्मों में जिनमें जैन ,बौद्ध दर्शन, नव्य वेदांत तथा भारतीय संस्कृति के नवीन चिंतन के सामने आने से नवयुग की कल्पना को साकार किया है। पश्चिम के कई विद्वान और चिंतक जिनमें प्लूटो, अरस्तु, सुकरात, कार्ल मार्क्स, लेनिन ने अनेक विकास के सिद्धांतों को प्रतिपादित किया है। जिसका पूरे विश्व ने खुले दिल से स्वागत किया एवं विकास की नई नई की इबारत लिखी है। दूसरी ओर भारत की संस्कृति, सभ्यता और समाज में सदैव आवश्यक सुधार तथा नई नई बुद्धिमता पूर्ण युक्तियों को अपने में आत्मसात करने की एक अलग क्षमता रही है, और विकास का मूल मंत्र भी परिवर्तनशील जीवनशैली ही है स राजनीति तो सदैव परिवर्तन पर अवलंबित रहती है। स्वतंत्रता के पहले तथा बाद में राजनीतिक घटनाक्रम जिस नव परिवर्तन युग की तरफ अग्रसर हुए हैं वह अत्यंत उल्लेखनीय हैस भारतीय सभ्यता समाज और संस्कृति जितनी जटिल तथा गूढ है उसको जितना समझा जाए, उसका जितना अध्ययन किया जाए तो उससे नवीन बातें समझ में आती है, और उसके नए नए अर्थ हमारे सामने आते हैं जिसका बहु आयामी उपयोग हम अपनी जीवनशैली में परिवर्तन करने के लिए सदैव कर सकते हैं। स्वतंत्रता के बाद तो भारत देश ने ज्ञान भाषा तथा संस्कृति में अनेक परिवर्तन किए गांधीजी, जवाहरलाल नेहरू, बाल गंगाधर तिलक, सुभाष चंद्र बोस आदि ने अपनी किताबों में नव परिवर्तन के नए–नए आयामों तथा जीवन शैली के सत्य के साथ प्रयोग को एक नया आयाम दिया है और भारत देश को नए स्वरूप में विश्व में पहचान दिलाई है। पाश्चात्य ज्ञान से हमें अपने आडंबर एवं अंधविश्वास तथा शिक्षा पर विजय प्राप्त करने में काफी मदद प्राप्त हुई है। भारतीय संस्कृति की कई भ्रांतियों को भी हमने ज्ञान तथा भाषा के नवीन प्रयोगो से समाज से दूर किया है। दिन प्रतिदिन जीवन की कार्यशैली में हम यह महसूस करते हैं कि शिक्षा भाषा तथा ज्ञान हमें यह महसूस कर आते हैं कि हम अभी तक कितने पीछे हैं एवं हमें कितने ज्ञान की और आवश्यकता है। हालांकि ज्ञान का कोई और झोर नहीं होता, ज्ञान तथा भाषा एक समृद्ध भंडार है, उसमें आप जितना सीख सकते हैं ज्ञान ले सकते हैं वह अत्यंत लघु होता है। तो हमेशा हमें यह प्रयास करना चाहिए कि हम पल प्रतिपल कुछ ना कुछ हर व्यक्ति, हर समाज, हर सभ्यता से सीखने का प्रयास करें ,क्योंकि ज्ञान भाषा एवं संस्कृति हमें सदैव समृद्ध विकासशील एवं परिवर्तनशील बनाती है और परिवर्तनशील जीवन ही एक नई ऊर्जा, आशा और विकास को जन्म देती है।

## पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर, कच्चा तेल 91 डॉलर प्रति बैरल के करीब

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में लगातार बढ़ रही है। पिछले 24 घंटे में ब्रेंट क्रूड का भाव उछलकर 91 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड 88 डॉलर प्रति बैरल के करीब पहुंच गया है। हालांकि, सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस



विपणन कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल की कीमत में कोई बदलाव नहीं किया है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक शनिवार को राजधानी दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये, डीजल 89.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये, डीजल 94.27 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपये, डीजल 92.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपये और डीजल 94.24 रुपये प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के पहले अंतिम दिन शुरुआती कारोबार में ब्रेंट क्रूड 4.89 डॉलर यानी 5.69 फीसदी उछलकर 90.89 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया है। वहीं, वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड 4.78 डॉलर यानी 5.69 फीसदी की बढ़त के साथ 87.69 डॉलर प्रति बैरल पर स्थिर है।

## आरबीआई ने यूनियन बैंक पर एक करोड़ रुपये का लगाया जुर्माना

**मुंबई/नई दिल्ली।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने निर्देशों का अनुपालन नहीं करने के लिए सार्वजनिक क्षेत्र के यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, आरबीएल बैंक और बजाज फाइनेंस लिमिटेड पर जुर्माना लगाया है। आरबीआई ने जारी बयान में कहा कि 'ऋण और अग्रिम-सांविधिक और अन्य प्रतिबंध' से संबंधित उसके निर्देशों का




अनुपालन नहीं करने के लिए यूनियन बैंक ऑफ इंडिया पर एक करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया गया है। रिजर्व बैंक ने एक अन्य आदेश में निजी क्षेत्र के आरबीएल बैंक लिमिटेड पर (निजी क्षेत्र के बैंकों में शेयरों के अधिग्रहण या वोटिंग अधिकार के लिए पूर्व अनुमोदन) दिशा-निर्देश, 2015 का अनुपालन न करने पर 64 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। इसके अलावा केंद्रीय बैंक ने जारी एक अन्य विज्ञप्ति में एनबीएफसी में धोखाधड़ी की निगरानी से जुड़े निर्देशों का अनुपालन नहीं करने के लिए बजाज फाइनेंस लिमिटेड पर 8.5 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है।

## बिजली दर बढ़ाने पर आमादा पावर कॉर्पोरेशन

**लखनऊ।** पावर कॉर्पोरेशन ने चौथी बार कॉस्ट डाटा बुक में कोई बदलाव नहीं किया है। यदि पावर कॉर्पोरेशन के प्रस्ताव को विद्युत नियामक आयोग ने हरी झंडी दी तो बिजली कनेक्शन की नई दरों में 30 से 35 फीसदी वृद्धि हो जाएगी। यानी पावर कॉर्पोरेशन बिजली दर बढ़ाने पर आमादा है। सितंबर में पावर कॉर्पोरेशन ने विद्युत वितरण निगमों की ओर से नियामक आयोग में प्रस्ताव भेजा था। भारी विरोध के बाद आयोग ने दरें संशोधित कर प्रस्ताव देने का निर्देश दिया था लेकिन 11 अक्तूबर को दाखिल किए गए संशोधित कॉस्ट डाटा बुक में कोई बदलाव नहीं किया गया है। इस प्रस्ताव को मंजूरी मिली तो छोटे व बड़े उद्योगों की सिक्योरिटी राशि में 50 से 100 प्रतिशत से ज्यादा बढ़ोतरी हो सकती है। ऐसे में उद्योगों के लिए नए कनेक्शन की दरों में 100 प्रतिशत से ज्यादा वृद्धि हो सकती है। इसका सीधा भार कनेक्शन धारक पर पड़ेगा। उप्र राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष व इलेक्ट्रिसिटी सप्लाई कोड रिव्यू पैनल के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि हर स्तर पर बिजली दरें बढ़ाने का विरोध किया जाएगा। जल्द ही जब आयोग रिव्यू पैनल सब कमेटी की बैठक बुलाएगा तो उसमें अव्यवहारिक दरों का विरोध करेंगे।

# आठवां ब्रिक्स अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा सम्मेलन 2023 संयुक्त वक्तव्य के साथ संपन्न

**नई दिल्ली।** भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) की मेजबानी में नई दिल्ली में आयोजित आठवां ब्रिक्स अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा सम्मेलन (ब्रिक्स आईसीसी-2023) संयुक्त वक्तव्य के साथ संपन्न हो गया। इसके साथ ही सीसीआई ने 2025 में होने वाले 9वें ब्रिक्स अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा सम्मेलन के लिए दक्षिण अफ्रीका को बैटन सौंपा।

कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय ने जारी बयान में बताया कि ब्रिक्स संयुक्त दस्तावेज पर पूर्ण सत्र में 'लीनिएंसी प्रोग्राम एंड डिजिटल इकोनॉमी' पर चर्चा के बाद रिपोर्ट जारी की गई। तीन दिवसीय इस सम्मेलन में प्रतिस्पर्धा कानून और नीति से संबंधित नए एवं उभरते मुद्दों पर ब्रिक्स और अन्य प्राधिकरणों के वक्ताओं ने विचारों का आदान-प्रदान किया। मंत्रालय के मुताबिक उद्घाटन सत्र और समापन समारोह के अलावा सम्मेलन में तीन पूर्ण सत्र और चार ब्रेकआउट सत्र आयोजित हुए। ब्रिक्स प्रतिस्पर्धा प्राधिकरणों के प्रमुखों ने एक संयुक्त वक्तव्य




पर हस्ताक्षर किए, जो ब्रिक्स क्षेत्रों के भीतर प्रवर्तन क्षमताओं को सशक्त करने के लिए जानकारी, अनुभव साझा करना जारी रखने और निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा प्रथाओं को बढ़ावा देने के महत्व को स्वीकार करता है। समापन समारोह में अपने भाषण में केंद्रीय कारपोरेट कार्य मंत्रालय के सचिव डॉ. मनोज गोविल ने कहा कि प्रत्येक ब्रिक्स सदस्य देश के पास अपनी विशिष्ट कानूनी परंपरा, आर्थिक ढांचा और नियामक दृष्टिकोण है। प्रतिस्पर्धा कानून एवं नीति में सहयोगात्मक प्रयास सर्वोत्तम प्रथाओं के आदान-प्रदान और व्यवहार्य, व्यावहारिक एवं उपयोगी नियामक मानकों के संरेखण की अनुमति देते हैं। इस अवसर पर सीसीआई की अध्यक्ष रवनीत कौर ने कहा कि इस सम्मेलन ने प्रतिस्पर्धा अधिकारियों के सामने आने वाली विभिन्न चुनौतियों और अवसरों को व्यापक तरीके से समझने का मार्ग प्रशस्त किया। इन सत्रों में विभिन्न विषयों पर गहराई से चर्चा हुई, जिसमें प्रतिस्पर्धी परिदृश्य में डिजिटलीकरण के गहन प्रभाव, नवाचारों को बढ़ावा देने में प्रतिस्पर्धी नीति की महत्वपूर्ण भूमिका और मजबूत आर्थिक विकास को बनाए रखने में इसका अहम योगदान शामिल है। उन्होंने कहा कि सामूहिक साझेदारी से न केवल समझ बेहतर हुई है, बल्कि ब्रिक्स देशों के बीच सहयोग एवं सहभागिता को बढ़ावा देने के महत्व को भी रेखांकित किया है।

उल्लेखनीय है कि 11-13 अक्टूबर तीन दिन तक चले इस सम्मेलन में ब्रिक्स प्रतिस्पर्धा प्राधिकरणों के प्रमुखों, प्रतिस्पर्धा कानून विशेषज्ञों, अंतरराष्ट्रीय संगठनों के प्रतिनिधियों और ब्रिक्स एवं गैर-ब्रिक्स देशों के अन्य हितधारकों समेत 600 से अधिक प्रतिनिधि शामिल हुए।

## ईडी ने आईपीओ घोटाला मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने हैदराबाद में करोड़ों रुपये के कथित आईपीओ घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले की जांच के सिलसिले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें एक अमेरिका का



निवासी, एक वानुअतु का और एक भारतीय है। ईडी ने जारी बयान में बताया कि हैदराबाद में करोड़ों रुपये के कथित आईपीओ घोटाले से जुड़े मामले में धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) 2002 के तहत तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। केंद्रीय जांच एजेंसी के मुताबिक अमेरिकी निवासी पवन कुचाना, वानुअतु गणराज्य के निवासी निर्मल कोटेचा और किशोर तापड़िया को 11 अक्टूबर को पीएमएलए के तहत हिरासत में लिया गया था। एजेंसी के मुताबिक इन तीनों को गुरुवार को हैदराबाद स्थित विशेष अदालत के समक्ष पेश किया गया। अदालत ने 25 अक्टूबर तक ईडी को इनकी हिरासत सौंप दी है। जांच एजेंसी ने बताया कि भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने 1992 के सेबी अधिनियम के तहत तक्षशील सॉल्यूशंस लिमिटेड, उसके प्रवर्तकों और निदेशकों तथा अन्य के खिलाफ 10 रुपये मूल्य के 55,00,000 शेयरों के आईपीओ से संबंधित अनियमितताओं को लेकर एक शिकायत दर्ज कराई गई थी। शेयरों का इश्यू प्राइस 150 रुपये तय किया गया था और इसके जरिए तक्षशील ने 80.50 करोड़ रुपये जुटाए थे।

## भारत और स्विट्जरलैंड पांचवें दौर की वित्तीय वार्ता के लिए हुए सहमत

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने स्विट्जरलैंड की वित्त मंत्री कैरिन केलर-सटर से मुलाकात की। इस दौरान दोनों पक्ष 2024 की शुरुआत में भारत-स्विस वित्तीय वार्ता का पांचवां दौर आयोजित करने पर सहमत हुए।

वित्त मंत्रालय ने 'एक्स' (पूर्व में ट्विटर) पर कहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और स्विट्जरलैंड की वित्त मंत्री कैरिन केलर-सटर ने यहां मुलाकात और बातचीत की। दोनों नेताओं की यह बातचीत मोरक्को के मराकेश में वित्त मंत्रियों एवं केंद्रीय बैंकों के गवर्नर (एफएमसीबीजी) की चौथी जी-20 बैठक और अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष-विश्व बैंक की सालाना बैठकों के दौरान अलग से हुई। मंत्रालय के मुताबिक भारत-स्विस वित्तीय बातचीत में फिनटेक (वित्तीय प्रोद्योगिकी), बुनियादी ढांचा क्षेत्र और यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) के क्षेत्र में सहयोग के मुद्दों को शामिल किया जा सकता



है। दोनों मंत्रियों ने शेष मुद्दों के समाधान के लिए समझौते पर पहुंचने का भरोसा जताया, ताकि भारत-यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए), व्यापार और आर्थिक भागीदारी समझौता (टीईपीए) और द्विपक्षीय निवेश संधि (बीआईटी) को अंतिम रूप दिया जा सके। इसके अलावा निर्मला सीतारमण से मुलाकात के दौरान कैरिन केलर-सटर ने बीमा क्षेत्र में भारत के साथ सहयोग बढ़ाने में रूचि जताई। दोनों पक्षों ने भारत-स्विस वित्तीय वार्ता के पांचवें दौर में बीमा क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने का मुद्दा शामिल करने पर सहमति जताई। गौरतलब है कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण मोरक्को के पांच दिवसीय आधिकारिक दौरे पर हैं।

## देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.17 अरब डॉलर घटकर 584.74 अरब डॉलर पर पहुंचा

**मुंबई/नई दिल्ली।** विदेशी मुद्रा भंडार में लगातार पांचवें हफ्ते गिरावट आई है। देश का विदेशी मुद्रा भंडार छह अक्टूबर को समाप्त हफ्ते में 2.17 अरब डॉलर घटकर 584.74 अरब डॉलर रह गया है। इससे पिछले हफ्ते विदेशी मुद्रा भंडार 3.79 अरब डॉलर की गिरावट के साथ 586.91 अरब डॉलर रहा था।

रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने जारी आंकड़ों में बताया कि 6 अक्टूबर को समाप्त हफ्ते में विदेशी मुद्रा भंडार 2.17 अरब डॉलर घटकर 584.74 अरब डॉलर रहा है। इससे पिछले हफ्ते देश का कुल विदेशी मुद्रा भंडार 3.79 अरब डॉलर की गिरावट के साथ 586.91 अरब डॉलर रहा था। इस दौरान विदेशी मुद्रा भंडार का अहम घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां 70.7 करोड़ डॉलर घटकर 519.53 अरब डॉलर रही।

आरबीआई के मुताबिक इस अवधि में स्वर्ण भंडार का मूल्य भी 1.42 अरब डॉलर घटकर




42.31 अरब डॉलर रहा। आंकड़ों के अनुसार विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 1.5 करोड़ डॉलर घटकर 17.92 अरब डॉलर रहा है। इसी तरह अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास रखा देश का मुद्रा भंडार 1.9 करोड़ डॉलर घटकर 4.98 अरब डॉलर रह गया है। देश का कुल विदेशी मुद्रा भंडार अक्टूबर, 2021 में उछलकर 645 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्चतम स्तर पर पहुंच गया था।

# देश का निर्यात सितंबर में 2.6 फीसदी घटकर 34.47 अरब डॉलर पर

**नई दिल्ली।** देश का निर्यात सितंबर में 2.6 फीसदी घटकर 34.47 अरब डॉलर रहा है। इस दौरान आयात भी 15 फीसदी घटकर 53.84 अरब डॉलर रह गया है। इससे सितंबर में व्यापार घाटा 19.37 अरब डॉलर रहा। हालांकि, सितंबर में भारत का कुल निर्यात 63.84 अरब अमेरिकी डॉलर होने का अनुमान है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने जारी आंकड़ों में बताया कि देश का निर्यात




सितंबर में 2.6 फीसदी घटकर 34.47 अरब डॉलर रहा है। पिछले साल इसी महीने में निर्यात 35.39 अरब डॉलर रहा था। मंत्रालय के मुताबिक सितंबर में आयात 15 फीसदी घटकर 53.84 अरब डॉलर रहा, जबकि पिछले साल इसी अवधि में यह 63.37 अरब डॉलर रहा था। इससे व्यापार घाटा सितंबर 2023 में 19.37 अरब डॉलर रहा। आंकड़ों के मुताबिक चालू वित्त वर्ष 2023-24 में अप्रैल-सितंबर के दौरान देश का निर्यात 8.77 फीसदी घटकर 211.4 अरब डॉलर रहा है। इन छह महीनों में आयात 12.23 फीसदी गिरकर 326.98 अरब डॉलर रहा। इस बीच वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल ने कहा कि भारत-ब्रिटेन के बीच मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर बातचीत जारी है और हम मतभेदों को दूर कर रहे हैं।

## कैट को इस त्योहारी सीजन में तीन लाख करोड़ के व्यापार की उम्मीद

**नई दिल्ली।** व्यापारियों के संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने इस साल त्योहारी सीजन में देशभर में करीब तीन लाख करोड़ रुपये के व्यापार होने की उम्मीद जताई है। पिछले साल इस सीजन में लगभग 2.5 लाख करोड़ रुपये का व्यापार हुआ था।

कैट ने एक बयान में कहा कि कोरोना महामारी के बाद यह पहला वर्ष है, जब राजधानी दिल्ली सहित देशभर में त्योहारों को लेकर लोग उत्साहित हैं। देश के अधिकांश बाजारों में चहल-पहल दिखाई देनी शुरू हो गई। कैट ने खरीदारी के इस रुझान को देखते हुए उम्मीद जताई है कि इस साल त्योहारों के सीजन में देशभर में लगभग तीन लाख करोड़ रुपये के व्यापार होने की संभावना है। पिछले साल इस सीजन में लगभग 2.5 लाख करोड़ रुपये का व्यापार हुआ था।

कैट के राष्ट्रीय महामंत्री




प्रवीण खंडेलवाल ने बताया कि त्योहारों का सीजन रक्षा बंधन से शुरू हुआ है, जो दीपावली के बाद 23 नवंबर के दिन तुलसी विवाह तक चलेगा। अभी 15 अक्टूबर से नवरात्र, रामलीला, दशहरा, दुर्गा पूजा, करवा चौथ, धनतेरस, दीपावली, गोवर्धन पूजा, भाई दूज, छठ पूजा तथा तुलसी विवाह तक त्योहारों का सीजन शुरू होगा। इस सीजन में ग्राहकों की मांग के अनुरूप देशभर के व्यापारियों ने व्यापक रूप से सामान उपलब्ध कराने की बड़ी तैयारियों की व्यवस्था कर ली है। देश के बाजारों में खुदरा बिक्री के लिए लगभग 60 करोड़ उपभोक्ता हैं। अगर हम प्रति व्यक्ति 5000 रुपये का ही खर्च आंके तो तीन लाख करोड़ का आंकड़ा बेहद आसानी से प्राप्त किया जा सकता है। कैट महामंत्री ने कहा कि लोग कोरोना संकट को पूरी तरह से पीछे छोड़ चुके हैं। वे त्योहारी सीजन को उत्सव के साथ मनाना चाहते हैं। इस बार लोग घरेलू सामान, उपकरण, उपहार, कपड़े, आभूषण, बर्तन, सजावटी सामान, फर्नीचर और फिक्स्चर, उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटोमोबाइल, मोबाइल, लैपटॉप, कंप्यूटर सहित अन्य सामानों की खरीद पर बड़े पैमाने पर उपभोक्ताओं द्वारा खर्च किए जाने की उम्मीद है।

## वित्तीय सेवा सचिव का अधिकारियों से पीएम विश्वकर्मा योजना के शीघ्र क्रियान्वयन का आग्रह

**नई दिल्ली।** वित्तीय सेवा मामलों के सचिव विवेक जोशी ने राज्यों के अधिकारियों से प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना को तेजी से लागू करने का आग्रह किया है। इस योजना की शुरुआत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पिछले महीने की थी।

वित्त मंत्रालय द्वारा जारी एक बयान के मुताबिक विवेक जोशी ने पंजाब, हरियाणा और केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के अधिकारियों के साथ दो बैठकें कीं। इन बैठकों में पीएम विश्वकर्मा योजना और उसके क्रियान्वयन के प्रयासों पर प्रस्तुतियां दी गईं। जोशी ने राज्य सरकार के क्षेत्रीय पदाधिकारियों से इस योजना के तहत लाभार्थियों का निर्बाध नामांकन, तेजी से सत्यापन और पंजीकरण सुनिश्चित करने को कहा है।

जोशी ने कहा कि इस योजना का जोर आज के



''विश्वकर्माओं'' को कल के उद्यमियों में तब्दील करना है। केंद्र सरकार ने पीएम विश्वकर्मा योजना को कौशल प्रशिक्षण, बिना गारंटी ऋण, आधुनिक उपकरण, बाजार समर्थन और डिजिटल लेन-देन के लिए प्रोत्साहन के जरिए 18 पहचाने गए कारोबार में लगे पारंपरिक कलाकारों तथा शिल्पकारों को समग्र समर्थन प्रदान करने के लिए तैयार किया है। इन बैठकों में केंद्रीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव, संयुक्त सचिव (डीएफएस), केंद्रीय कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय (एमएसडीई) के क्षेत्रीय निदेशक और बैंकों के अधिकारियों के अलावा दोनों राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेश के वरिष्ठ अधिकारियों ने हिस्सा लिया। पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत कारीगरों को दिए जाने वाले कर्ज पर आठ फीसदी तक की सब्सिडी देने का प्रस्ताव है। यह योजना कारीगरों को पांच फीसदी की बेहद सस्ती ब्याज दर पर बिना किसी गारंटी के तीन लाख रुपये तक का ऋण प्रदान करती है।

## अमेरिका ग्रीन कार्ड का इंतजार करने वालों को 5 साल के लिए देगा रोजगार कार्ड

**वाशिंगटन/नई दिल्ली।** अमेरिका ने ग्रीन कार्ड की प्रतीक्षा कर रहे लोगों सहित गैर-अप्रवासी को बड़ी खुशखबरी दी है। सरकार ने ग्रीन कार्ड की प्रतीक्षा कर रहे लोगों सहित कुछ गैर-अप्रवासी श्रेणियों को पांच साल के लिए रोजगार प्राधिकरण कार्ड उपलब्ध करने का ऐलान किया है। इस कदम से देश में रहने वाले हजारों भारतीयों को फायदा मिलेगा। अमेरिकी नागरिकता एवं आव्रजन सेवा (यूएससीआईएस) की तरफ से जारी बयान के मुताबिक वह कुछ गैर-नागरिकों के लिए प्रारंभिक तथा नवीनीकरण ईएडी के लिए रोजगार प्राधिकरण दस्तावेजों (ईएडी) की अधिकतम वैधता अवधि को 5 साल तक बढ़ा रहा




है। संघीय एजेंसी ने कहा कि इनमें शरण पाने के लिए आवेदन करने वाले या निष्कासन को रोकने का आवेदन करने वाले आईएनए 245 के तहत स्थिति का समायोजन और निर्वासन का निलंबन या निष्कासन को रद्द करना शामिल है। एक रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका में 10.5 लाख से अधिक भारतीय रोजगार-आधारित ग्रीन कार्ड के लिए लाइन में हैं। हालांकि, अध्ययन में कहा गया है कि अमेरिका का ग्रीन कार्ड प्राप्त करने से पहले ही इसमें से करीब चार लाख लोगों की मौत हो सकती है।

मालूम हो कि अमेरिका में ग्रीन कार्ड को आधिकारिक तौर पर स्थायी निवासी कार्ड कहा जाता है।

## भारत में जीतना बेहद कड़ी चुनौती, इंग्लैंड के ऑलराउंडर क्रिस वोक्स का बड़ा बयान

**नई दिल्ली।** ऑलराउंडर क्रिस वोक्स ने कार्य की कठिनता को स्वीकार करते हुए कहा कि इंग्लैंड मौजूदा विश्व कप में भारत को करारी शिकस्त देने में सक्षम है। भारत ने प्रत्येक चार साल में होने वाले विश्व कप में अपने अभियान का आगाज शुरुआती दो मैच में ऑस्ट्रेलिया और अफगानिस्तान के खिलाफ दो आसान जीत के साथ किया। गत चैंपियन इंग्लैंड हालांकि बांग्लादेश को मात देने से पहले न्यूजीलैंड से हार गया। वोक्स ने कहा, 'भारत में जीतना बेहद कठिन चुनौती है। मुझे लगता है कि उपमहाद्वीप की टीमें घरेलू परिस्थितियों में अधिक सहज महसूस करेंगी। इंग्लैंड की 2019 की विश्व चैंपियन टीम के सदस्य वोक्स ने हालांकि कहा कि उनके पास भारत को मात देने की क्षमता है। भारत और इंग्लैंड 29 अक्टूबर को लखनऊ में आमने-सामने होंगे। वोक्स ने कहा, 'इससे हमारे लिए उन्हें उनकी सहजता से बाहर करना बेहद कठिन हो जाता है। लेकिन हमारे पास प्रतिस्पर्धा करने में सक्षम टीम और खिलाड़ी हैं। उन्होंने कहा, 'लोगों ने कुछ समय से हमें देखा है और सफेद गेंद के प्रारूप की टीम के रूप में दुनिया भर में हमारे से कुछ उम्मीदें हैं। वारविकशर के इस खिलाड़ी ने कहा कि टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए इंग्लैंड को खिलाड़ियों से अपेक्षाओं पर काबू पाना होगा। वोक्स ने कहा, 'जीतने के लिए यह एक कठिन प्रतियोगिता है, क्या ऐसा नहीं है? खासकर यहां। लेकिन हम अच्छी चुनौती देंगे। हम एक बार में एक मैच पर ध्यान दे रहे हैं। स्वाभाविक रूप से लोगों को हमारे से उम्मीदें हैं और हमें निश्चित रूप से खुद से उम्मीदें हैं।

## 'वर्ल्ड एथलीट ऑफ द ईयर 2023 अवार्ड' के लिए सूची जारी, नीरज चोपड़ा भी लिस्ट में शामिल

**नई दिल्ली।** भारत के स्टार भाला फेंक चैंपियन नीरज चोपड़ा का नाम वर्ल्ड एथलेटिक्स ने 'मेंस वर्ल्ड एथलीट ऑफ द ईयर 2023 अवार्ड' के लिए नामांकित किया है। इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ एथलेटिक्स फेडरेशन (वल्र्ड एथलेटिक्स) ने गरुवार को इस पुरस्कार के लिए 11 एथलीटों के नामों की सूची जारी की है।

सूची में भारत के स्टार भाला फेंक चैंपियन नीरज चोपड़ा तथा एथलीट की विभिन्न स्पार्धाओ में शानदार प्रदर्शन करने वाले रयान क्राउसर (अमेरिका), मोंडो डुप्लांटिस (स्वीडन), सूफ़ियान एल बक्काली (मोरक्को), जैकब इंगेब्रिग्त्सेन (नॉर्वे), केल्विन किप्टम (केन्या), पियर्स लेपेज (कनाडा), नोह लाइल्स (अमेरिका), अल्वारो मार्टिन (स्पेन), मिल्टियाडिस टेंटोगलोउ (यूनान) और कार्स्टन वारहोल्म (नॉर्वे), के नाम शामिल है।

नीरज चोपड़ा ने इस साल की शुरुआत में बुडापेस्ट में विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर पहले भारतीय होने का इतिहास रचा था। उसके बाद 25 वर्षीय खिलाड़ी ने एशियन खेलों में अपने खिताफ को कायम रखा। हालांकि इससे पहले वह डायमंड लीग 2023 में दूसरे स्थान पर रहे थे। नीरज चोपड़ा वर्ष 2023 के पुरुष विश्व एथलीट पुरस्कार के लिए चुने गए 11 एथलीटों में से एक हैं। हालांकि इस दौरान उन्हें बाक़ी दस एथलीटों से कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ सकता है। अमेरिका के स्प्रिंटर नोह लायल्स 100 मीटर और 200 मीटर के विश्व चैंपियन हैं। उन्होंने बुडापेस्ट 2023 में पुरुषों की 4×100 मीटर रिले में अमेरिका के लिए स्वर्ण पदक भी जीता था। मोरक्को के सूफियान एल बक्काली, जो 3000 मीटर स्टीपलचेज में एक दिग्गज खिलाड़ी हैं।

## पूर्व मुख्य चयनकर्ता बोले- पाकिस्तान के खिलाफ जरूर खेलेंगे गिल

**नई दिल्ली।** शुभमन गिल के लिए सान 2023 लाजवाब रहा है। लेकिन विश्व कप में वह अभी खेल नहीं पाए हैं क्योंकि उन्हें विश्व कप से पहले डेंगू हो गया था। लेकिन अब वह इससे उभर चुके हैं और उन्होंने कल अहमदाबाद पहुंचने पर एक घंटा प्रैक्टिस भी की। ऐसे में भारत के पूर्व मुख्य चयनकर्ता एमएसके प्रसाद का मानना है कि गिल निश्चित रूप से पाकिस्तान के खिलाफ खेलेंगे।

उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि हम सभी प्रकार की अटकलों पर विराम लगा सकते हैं। शुबमन गिल निश्चित रूप से यह खेल (बनाम पाकिस्तान) खेलेंगे। वह इतने अच्छे खिलाड़ी हैं कि उन्हें बाहर नहीं किया जा सकता। उन्हें सिर्फ बुखार था। वह ठीक हो गए हैं। यह कोई खतरा नहीं था हम प्रतिस्थापन के बारे में भी सोचेंगे। ये सभी अफवाहें हैं जो (बीमारी की गंभीरता के बारे में) सामने आ रही हैं, चाहे आप किसी भी रूप में सुन रहे हों। उन्होंने कहा, हमने जो सुना वह यह था कि एहतियात के तौर पर, वह दूसरा गेम नहीं खेल सका अन्यथा वह ठीक था। वह एहतियात के तौर पर चेन्नई में एक और दिन के लिए रुका था। वह अच्छी तरह से ठीक हो गया और उसे छुट्टी दे दी गई। देखें 1 घंटे तक खेलने का मतलब है कि वह ठीक हो गया है। यह पाकिस्तान के खिलाफ एक बहुत ही महत्वपूर्ण खेल है। अगर वह फिट है और मुझे यकीन है कि वह फिट है, तो उसे भारत की प्लेइंग इलेवन में होना चाहिए।

# विश्व कप : अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में ऑस्ट्रेलिया के 7वें सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बने स्टीव स्मिथ

**लखनऊ।** ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज स्टीव स्मिथ महान विकेटकीपर-बल्लेबाज एडम गिलक्रिस्ट को पीछे छोड़ते हुए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में देश के सातवें सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए। स्मिथ ने लखनऊ में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आईसीसी क्रिकेट विश्व कप मैच के दौरान यह उपलब्धि हासिल की। मैच में उन्होंने 16 गेंदों में चार चौकों की मदद से सिर्फ 19 रन बनाए और ऑस्ट्रेलियाई विकेटकीपर से आगे निकल गए। स्मिथ ने 312 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 49.03 की औसत से 15,447 रन बनाए हैं। उनके नाम 363 पारियों में 44 शतक और 73 अर्द्धशतक हैं, जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 239 है। स्मिथ टेस्ट के जादूगर हैं. 102 मैचों और 181 पारियों में, उन्होंने 58.61 की औसत से 9,320 रन बनाए हैं, जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 239 है। इस प्रारूप में उनके नाम 32 शतक और 39 अर्द्धशतक हैं।

बल्लेबाज ने ऑस्ट्रेलिया के लिए 147 एकदिवसीय मैच भी खेले हैं, जिसमें 44.12 की औसत और 87 से अधिक की स्ट्राइक रेट से 5,119 रन बनाए



हैं। उन्होंने 131 पारियों में 12 शतक और 30 अर्द्धशतक बनाए हैं, जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 164 है। 63 टी20 और 51 पारियों में, उन्होंने 25.20 की औसत और 125 से अधिक की स्ट्राइक रेट से 1,008 रन बनाए हैं, जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 90 है। इस प्रारूप में उनके नाम चार अर्द्धशतक दर्ज हैं।

वहीं, गिलक्रिस्ट ने 395 अंतरराष्ट्रीय मैचों और 428 पारियों में 38.98 की औसत से 15,437 रन बनाए हैं, जिसमें 33 शतक और 81 अर्द्धशतक शामिल हैं और उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 204* है। वह अब क्रिकेट के सभी प्रारूपों में ऑस्ट्रेलिया के लिए आठवें सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। ऑस्ट्रेलिया के लिए सर्वाधिक अंतरराष्ट्रीय रन बनाने वाले खिलाड़ी रिकी पोंटिंग हैं।

उन्होंने 559 मैचों और 667 पारियों में 45.84 की औसत से 70 शतक और 146 अर्द्धशतक के साथ 27,368 रन बनाए हैं।

उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 257 है। सर्वकालिक स्कोररों की सूची में उनके बाद स्टीव वॉ (18,496), डेविड वार्नर (17,832), एलन बॉर्डर (17,698), माइकल क्लार्क (17,112), मार्क वॉ (16,529) और स्मिथ हैं।

## केंट क्रिकेट क्लब के कप्तान नियुक्त हुए डेनियल बेल-ड्रमंड

**लंदन।** केंट ने डेनियल बेल-ड्रमंड को सैम बिलिंग्स के स्थान पर क्लब का कप्तान नियुक्त किया है - हालांकि बिलिंग्स टी20 टीम का नेतृत्व करना जारी रखेंगे।

30 वर्षीय बेल-ड्रमंड, केंट अकादमी से आए और उन्होंने क्लब के लिए सभी प्रारूपों में 369 मैच खेले, उन्होंने बिलिंग्स की अनुपस्थिति में कई मौकों पर टीम की कप्तानी भी की है। पिछले सीज़न में, उन्होंने नॉर्थहेम्पटनशायर के खिलाफ करियर की सर्वश्रेष्ठ नाबाद 300 रन की पारी खेली।

क्लब का कप्तान नियुक्त किये जाने पर बेल-ड्रमंड ने कहा, मैं सात साल की उम्र से केंट क्रिकेटर रहा हूं; मुझे क्लब बहुत पसंद है। अब बाकी खिलाड़ियों के साथ-साथ कप्तान के रूप में केंट क्रिकेट को नए सीज़न में आगे ले जाना मेरा काम है और यह एक चुनौती है जिसका मैं



इंतज़ार कर रहा हूँ। उन्होंने कहा,मैं साइमन कुक और मैट वॉकर के साथ काम करने के लिए उत्सुक हूं, ताकि इस टीम को सभी मोर्चों पर प्रतिस्पर्धी बनाया जा सके, लेकिन यह भी सुनिश्चित किया जा सके कि हमारे शानदार पाथवे कोचों की मदद से यह लोकाचार हमारे आयु वर्ग के दस्तों तक फैल जाए। केंट के क्रिकेट निदेशक साइमन कुक ने कहा, हमें डेनियल को अपने क्लब का कप्तान नियुक्त करते हुए खुशी हो रही है। वह ड्रेसिंग रूम में वास्तविक लीडर्स में से एक हैं और उन्होंने बार-बार हमारे मार्की खिलाड़ियों में से एक होने का सबूत दिया है। जरुरत पड़ने पर कप्तान के रूप में या एक वरिष्ठ खिलाड़ी के रूप में बुलाए जाने पर उन्होंने उदाहरण पेश किया है, और मुझे डेनियल पर पूरा भरोसा है।

उन्होंने आगे कहा,हमें इस बात की भी खुशी है कि सैम बिलिंग्स हमारी टी20 टीम का नेतृत्व जारी रखेंगे। सैम के पास टी20 क्रिकेट के सबसे बड़े टूर्नामेंटों में खेलने और जीतने का अमूल्य अनुभव है, जिसमें 2021 में हमें टी20 खिताब दिलाने के लिए कप्तानी करना भी शामिल है।

## भारत-पाकिस्तान क्रिकेट मैच का क्रेज, रेलवे ने अहमदाबाद जाने के लिए चलाई विशेष ट्रेन

**अहमदाबाद।** अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में कल होने वाले भारत-पाकिस्तान मैच को लेकर जबरदस्त क्रेज है। दोनों टीमों के लिए वर्ल्ड कप का यह तीसरा मैच है। दोनों ही टीमें 2-2 मैच जीत चुकी हैं। उत्साह को देखते हुए रेलवे ने क्रिकेटप्रेमियों को सौगात दी है।



मुंबई से अहमदाबाद जाने के लिए रेलवे ने दो विशेष ट्रेनें चलाई हैं। ये ट्रेन नवी मुंबई से निकलेंगी, जो कल अहमदाबाद पहुंचेंगी। ये ट्रेन दादर, पालघर, वापी, वलसाड़, नवसारी, सूरत और वडोदरा होते हुए अहमदाबाद पहुंचेंगी। साथ ही 15 अक्टूबर को 4 बजे यह ट्रेन वापस अहमदाबाद से नवी मुंबई के लिए रवाना होंगी। ऐसा पहली बार है, जब मैच के लिए रेलवे ने स्पेशल ट्रेन शुरू की है।

## मर्डेका कप ; सेमीफाइनल में मेजबान मलेशिया की चुनौती के लिए तैयार भारतीय टीम

**नई दिल्ली।** भारतीय फुटबॉल टीम शुक्रवार को कुआलालंपुर के बुकिट जलील स्टेडियम में 2023 मर्डेका कप के सेमीफाइनल में मेजबान मलेशिया की चुनौती के लिए तैयार है। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में यह भारतीय टीम की 18वीं उपस्थिति है और 21 साल की अनुपस्थिति के बाद टूर्नामेंट में उनकी वापसी हुई है। मर्डेका कप से भारत का विशेष संबंध है क्योंकि इस आयोजन से टीम का लंबा इतिहास रहा है। एआईएफएफ.कॉम के अनुसार, स्वतंत्रता प्राप्त करने के बाद से भारत ने मलेशिया के मर्डेका कप में किसी भी अन्य अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता की तुलना में अधिक बार भाग लिया है, ऐसा कुल मिलाकर 17 बार हुआ है। मलेशिया और भारत के बीच लंबे समय से प्रतिद्वंद्विता है; 31 मुकाबलों के साथ मलेशिया भारत का सबसे बड़ा प्रतिद्वंद्वी रहा है। इसलिए ब्लू टाइगर्स अपनी क्षमताओं को प्रदर्शित करने और



खुद को स्थापित करने के लिए उत्सुक होंगे। हालाँकि, मलेशिया, जिसे घरेलू मैदान पर चैंपियनशिप जीतने का प्रबल दावेदार माना जा रहा है, भारत के लिए एक कठिन चुनौती पेश करेगा। प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की टीम के साथ, मलेशियाई टीम ने हाल के वर्षों में काफी सुधार किया है। टूर्नामेंट के इस संस्करण में सबसे निचली रैंकिंग वाली टीम होने के बावजूद वे अपनी क्षमता का प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित होंगे।

## भारत-पाक मैच से पहले वकार ने कहा- खिलाड़ी मैदान पर पेशेवर, बाहर दोस्त

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के पूर्व कप्तान और तेज गेंदबाज वकार यूनुस ने आईसीसी एकदिनी विश्व कप से पहले कहा है कि खिलाड़ी भले मैदान पर पेशेवर होते हैं, लेकिन बाहर सभी दोस्त होते हैं।

वकार ने प्रसिद्ध चॉकलेट कंपनी फेबैल द्वारा यहां आयोजित एक कार्यक्रम में कहा, ÷मैदान पर हम देश के लिए खेलते हैं तो पेशेवर रूख अपनाते हैं, इस दौरान हम आक्रामक भी होते हैं और स्लेजिंग वगैरह भी करते हैं।

उन्होंने 1996 विश्व कप में भारत-पाकिस्तान मैच का उल्लेख करते हुए वकार ने कहा, उस मैच में आखिरी के ओवरों में अजय जडेजा ने उनके खिलाफ काफी रन बनाए, मैच में थोड़ी बहुत दोनों देशों के खिलाड़ियों के बीच स्लेजिंग भी हुई, लेकिन यह सब केवल मैदान पर था। मैदान के बाहर जडेजा से उनकी काफी अच्छी दोस्ती है और वह मेरे पारिवारिक दोस्त की तरह हैं। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ




तस्मानिया में खेले गए एक टेस्ट मैच का भी उल्लेख किया, जिसमें जस्टिन लैंगर और एडम गिलक्रिस्ट ने शतक लगाए थे। वकार ने कहा, ÷उस मैच में लैंगर और गिलक्रिस्ट ने शतक लगाए, मैंने लैंगर को स्लेज भी किया, लेकिन अंदर से डरा भी हुआ था, क्योंकि लैंगर कराटे में ब्लैक बेल्ट हासिल किये हुए हैं, लेकिन जब वह मैदान के बाहर मिले तो उनका व्यवहार एक बच्चे की तरह था वो काफी मिलनसार हैं और अब मेरे सबसे अच्छे दोस्तों में से एक हैं। कार्यक्रम में भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक और पूर्व ऑस्ट्रेलियाई महिला क्रिकेट टीम की कप्तान लिजा स्टेलकर भी मौजूद थे। कार्तिक और लिजा ने भी वकार की बातों का समर्थन करते हुए कहा कि खेल देशों को जोड़ता है और कई देशों को एक साथ लाने का काम भी किया है। हम भाग्यशाली हैं कि खेलों से जुड़े हैं। कार्यक्रम के दौरान फेबैल के नए चॉकलेट प्रोडक्ट 'वन अर्थ' को लांच भी किया गया।

# विश्वकप में ऑस्ट्रेलिया की सबसे बड़ी हार, दक्षिण अफ्रीका ने 134 रनों से दी मात

**लखनऊ।** पांच बार के विश्व चैम्पियन ऑस्ट्रेलियाई टीम को एकदिवसीय विश्वकप के इतिहास में अब तक की सबसे बड़ी हार नसीब हुई है। लखनऊ के इकाना स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका ने ऑस्ट्रेलिया को 134 रनों से मात दी है। इससे पहले 1983 में भारतीय टीम ने ऑस्ट्रेलिया को 118 रन से हराया था।

दक्षिण अफ्रीका की ओर से मिले 312 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम का प्रदर्शन बेहद निराशाजनक रहा। अफ्रीकन तेज गेंदबाजी के आगे पांच बार के विश्व चैम्पियन ऑस्ट्रेलिया की मजबूत बल्लेबाजी पूरी तरह बिखर गई। कंगारू टीम के छह बल्लेबाज 18 ओवर के अंदर ही पवेलियन लौट गए। ऑस्ट्रेलिया के लिए मार्कस लाबुशेन (46) ने थोड़ा संघर्ष



दिखाया लेकिन दूसरे छोर से उन्हें खास समर्थन नहीं मिला। हालांकि मिशेल स्टार्क (27) और पैक कमिंस (22) ने थोड़ा साथ देने की कोशिश की लेकिन वह नाकाफी रही। पूरी टीम 41वें ओवर तक पवेलियन में थी। इस तरह ऑस्ट्रेलिया ने अपनी ही सबसे बड़ी हार के रिकॉर्ड को तोड़ते हुए नया रिकॉर्ड बनाया। दक्षिण अफ्रीका के लिए कगिसो रबाडा ने सबसे ज्यादा तीन विकेट झटके। जबकि मार्को जेनसन, केशव महाराज और तबरेज शम्सी ने दो-दो विकेट लिए। वहीं नगिदी को एक सफलता मिली। इससे पहले, टॉस हारकर बल्लेबाजी करते हुए दक्षिण अफ्रीका ने दमदार प्रदर्शन करते हुए 311 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। सलामी बल्लेबाजी क्विंटन डि कॉक ने 109 रनों की शानदार पारी खेली।

जबकि कप्तान बुवामा ने 35, वानडर डुसैन ने 26, मार्करम ने 56 और क्लासेन ने 29 रन का योगदान दिया। वहीं आखिरी ओवरों में डेविड मिलर और मार्को जेनसन ने क्रमश॰ 17 और 26 रन की तेजतर्रार पारी खेली। ऑस्ट्रेलिया के लिए मिशेल स्टार्क और ग्लेन मैक्सवेल को दो-दो सफलता मिली। जबकि हैजलवुड, कमिंस और जैम्पा के खाते में एक-एक विकेट रहा।

# इंडिया वर्सेस पाकिस्तान हाईवोल्टेज मुकाबले से पहले होगी सेरेमनी

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड यानी बीसीसीआई ने गुरुवार को यह ऐलान कर दिया है कि आईसीसी मेंस वनडे वर्ल्ड कप 2023में 14 अक्टूबर को होने वाले इंडिया वर्सेस पाकिस्तान हाईवोल्टेज मुकाबले से पहले एक सेरेमनी होगी। इस दौरान लीजेंड सिंगर शंकर महादेवन के अलावा अरिजीत सिंह और सुखविंदर सिंह परफॉर्म करेंगे। यह मैच अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाना है जो दुनिया का सबसे बड़ा क्रिकेट स्टेडियम है। बीसीसीआई ने गुरुवार को ट्वीट कर इस सेरेमनी की जानकारी दी।

इंडिया वर्सेस पाकिस्तान मैच का आगाजा 2 बजे होना है। वहीं दोनों कप्तान, रोहित शर्मा और बाबर आजम, टॉस के लिए




आधा घंटा पहले मैदान पर उतरेंगे। इससे एक घंटे पहले यानी कि 12.30 बजे इस सेरेमनी का आगाज होगा। बता दें, वर्ल्ड कप 2023 के लिए कोई ओपनिंग सेरेमनी नहीं हुई थी।बात वर्ल्ड कप 2023 में अभी तक भारत और पाकिस्तान के प्रदर्शन की करें तो, दोनों टीमों ने अभी तक खेले अपने 2-2 मैच जीते हैं। भारत ने अपने पहले मैच में ऑस्ट्रेलिया को 6 विकेट से धूल चटाई थी, वहीं अफगानिस्तान को दिल्ली में 8 विकेट से रौंदा था। भारत प्वाइंट्स टेबल में फिलहाल तीसरे पायदान पर है। वहीं बात पाकिस्तान की करें तो, उन्होंने पहले मैच में नीदरलैंड्स पर तो दूसरे मुकाबले में श्रीलंका को चित किया था। बाबर आजम की टीम प्वाइंट्स टेबल में भारत के बिल्कुल नीचे चौथे पायदान पर है।

14 अक्टूबर को यह दोनों टीमें अपना-अपना तीसरा मैच खेलने उतरेंगी। एक टीम यहां जीत की हैट्रिक लगाएगी वहीं दूसरे टीम को टूर्नामेंट की पहली हार का सामना करना पड़ेगा।

# डाक कुश्ती प्रतियोगिता में यूपी ने लहराया परचम

**लखनऊ।** भारतीय खेल प्राधिकरण, नेताजी सुभाष क्षेत्रीय केंद्र, लखनऊ में संपन्न डाक कुश्ती प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश ने परचम लहराते हुए प्रतीक पाण्डेय को इस टूर्नामेंट में डाक केशरी का खिताब प्रदान किया गया। इस टूर्नामेंट में मेजबान उत्तर प्रदेश समेत 11 प्रदेशों डाक परिमंडलों के 95 खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस टूर्नामेंट के दौरान कुल 118 मैच खेले गये।

लखनऊ में 10 अक्टूबर से चल रही 35वीं अखिल भारतीय डाक कुश्ती प्रतियोगिता का समापन महानिदेशक, पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड उ.प्र. रेणुका मिश्रा ने किया। मुख्य अथिति रेणुका मिश्रा व चीफ चीफ पोस्टमास्टर जनरल, उत्तर प्रदेश बा. सेल्वकुमार ने सभी विजेताओं को मेडल, ट्रॉफी व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

डाक कुश्ती प्रतियोगिता के अंतिम दिन ग्रीको रोमन और फ्री-स्टाइल कुश्ती प्रतियोगिता के कुल 3 मैच खेले गए। 65 किग्रा. भारवर्ग में उत्तर प्रदेश के संजय राय, 79 किग्रा. भारवर्ग में ओडिसा के केदार एवं 92 किग्रा. भारवर्ग में उत्तर प्रदेश के प्रतीक पाण्डेय ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। ग्रीको रोमन कुश्ती में उत्तर प्रदेश के अमलेश और फ्री स्टाइल कुश्ती में भी उत्तर प्रदेश के संजय राय को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित किया गया। इस प्रतियोगिता में 7 स्वर्ण, 6 रजत तथा 4 कांस्य पदकों के साथ मेजबान उत्तर प्रदेश ने सर्वाधिक पदक प्राप्त किये। 5 स्वर्ण, 5 रजत तथा 3 कांस्य पदकों के साथ हरियाणा दूसरा स्थान तथा 3 स्वर्ण, 3 रजत तथा 7 कांस्य पदकों के साथ महाराष्ट्र तीसरा स्थान प्राप्त करने में सफल रहा।

पुलिस महानिदेशक, भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड रेणुका मिश्रा ने कहा कि खेल हमें शांति और अनुशासन की सीख देता है और लक्ष्य प्राप्ति की प्रेरणा देता है। मेडल किसी भी खिलाड़ी के लिए उसके कई वर्षों के कठिन परिश्रम का फल है। इस प्रकार के खेल कार्यक्रमों का समय-समय पर आयोजन करते रहना चाहिए। चीफ पोस्टमास्टर जनरल बा. सेल्वकुमार ने विभिन्न प्रान्तों से आए खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सभी ने पूरे टूर्नामेंट में एकता, अनुशासन और टीम भावना का परिचय दिया। उन्होंने खिलाड़ियों को आगे भी जीत के लिए तैयारी करते रहने का सन्देश दिया। इस अवसर पर एस.एफ.एच रिजवी, पोस्टमास्टर जनरल, कानपुर, कृष्ण कुमार यादव, पोस्टमास्टर जनरल, वाराणसी, राजीव उमराव, पोस्टमास्टर जनरल -आगरा, विवेक कुमार दक्ष, पोस्टमास्टर जनरल- लखनऊ, गौरव श्रीवास्तव, निदेशक प्रयागराज, राम विलास चौधरी, निदेशक गोरखपुर,आनन्द कुमार सिंह, निदेशक मुख्यालय, लखनऊ, सुबोध प्रताप सिंह, निदेशक कानपुर, आलोक ओझा, प्रवर अधीक्षक डाकघर, आर. एम. एस. व खेल विकास अधिकारी अरविन्द कुमार सिंह सहित तमाम अधिकारी-कर्मचारी व खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

# लक्ष्मण तलैया गोहद नगर पर नौ दिवसीय देवी भागवत कथा प्रारंभ

**महेंद्र शर्मा उपसंपादक पुष्पांजली टुडे**





**गोहद।** लक्ष्मण तलैया गोहद नगर पर नौ दिवसीय देवी भागवत कथा प्रारंभ नगर के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल लक्ष्मण तलैया पर श्री श्री 1008 पूजा रामदास जी महाराज के आशीर्वाद से पिंडी दास महाराज जी के मार्गदर्शन में नौ दिवसीय देवी भागवत कथा का प्रारंभ किशोरी देवी के मुखारविंद से प्रारंभ हुआ है कथा प्रारंभ से पूर्व नगर में विशाल शोभा यात्रा का आयोजन किया गया इससे पूर्व पिंडी दास जी महाराज द्वारा 64 कुंडी यज्ञ मंडप में देव वृक्ष आरोपित किया गया कथा प्रारंभ के पूर्व पूज्य दंदरौआ महाराज जी द्वारा समाज विशेष कर माता बहनों को संबोधित करते हुए कहा की देवी भागवत का श्रवण करने का वास्तविक फल तभी है जब हम कन्याओं की रक्षा करें यह समझ में कन्या भ्रूण हत्या होती है वह पाप का भागीदार होता है ऐसे घरों में भोजन करना भी महान पाप के समान है इसलिए हमें समाज की सुरक्षा के लिए कन्या रूपी देवियों का आरक्षण और संरक्षण करने की आवश्यकता है इस अवसर पर महाकाल के प्रसिद्ध भक्ति पंडित दास जी महाराज द्वारा यज्ञ की वास्तविकता के बारे में विचार प्रस्तुत किया शोभायात्रा में संघ परिवार के वरिष्ठ कार्यकर्ता आचार्य बृजमोहन शर्मा महेश श्रीवास्तव देव सिंह कुशवाहा एवं गोहद नगर क हजारों माता बहने और समाज जन उपस्थित थे।

# आज भारतीय जनता पार्टी की चाचौड़ा से घोषित प्रत्याशी प्रियंका पेची ने कुंभराज मंडल में किया जन संपर्क

**रिपोर्टर -प्रतीश अग्रवाल**
**पुष्पांजलि टुडे**
**मधुसुदनगढ़-गुना**

आज भारतीय जनता पार्टी की चाचौड़ा विधानसभा सीट से घोषित प्रत्याशी प्रियंका पैंची ने कुंभराज मण्डल के दर्जनों गांव बड़ागांव,खिरिया, विरयाई, भमावद, गुलवाड़ा, कंजर डेरा, पालपुर(देहरी), केकड्याकला,केकड्याखुर्द, मूडरा, मानपुरया आदि गांव में जनसंपर्क किया एवं गांव की समस्याएं जानी द्ध प्रियंका पैंची ने ग्रामीणजनों को केंद्र एवम राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी एवं योजनाओं से अवगत कराया द्य साथ ही योजना




के पात्र लोगों से भी चर्चा की द्य जगह-जगह पर ग्रामीणों द्वारा उत्साह के साथ महिलाओं द्वारा भी उनका स्वागत भी किया गया द्ध इस अवसर कुंभराज मंडल अध्यक्ष रोहित कासठ, बृजमोहन मैथली, दयाराम बुनकर, सुरेश काकानी, डॉ.हरज्ञान सिंह गुर्जर, बाबूलाल सेन, विक्रम मीना,नंदकिशोर शर्मा,विकास शर्मा,उपाध्यक्ष विक्रम मीना, रामसेवक (बाऊजी), नवल अग्रवाल, नरेंद्र शर्मा, केदार3मल साहू, घनश्याम सोलंकी, दिनेश धाकड़, अनिल काबरा, भगवान काबरा, रतन मीना,नरेंद्र खंडेलवाल,नीरज मालवीय, रामदयाल साहू, रमाकांत बैरागी, मनीष शिवहरे, रामचरण अहिरवार, रामविलास अहिरवार, रामेश्वर मीना, राहुल मीना,राजाराम गुर्जर,जगदीश शिवहरे, रघुवीर केवट,घनश्याम नामदेव,दिलीप रजक आदि वरिष्ठ नेता,कार्यकर्ता एवम सदस्य मौजूद रहे।

# भाजपा के पूर्व विधायक रसाल सिंह ने प्राथमिक सदस्यता से त्यागपत्र दिया

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

## लहार में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की थी आमसभा और उसी दिन भाजपा को लगा बड़ा क्षटका



**भिण्ड ।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं विधायक रहे एवं नगर पालिका अध्यक्ष रहे पूर्व विधायक रसाल सिंह ने अपने दिये त्यागपत्र पत्र में कहा कि उन्होंने संगठन के एक कर्मठ कार्यकर्ता के रूप में अपना सारा जीवन समर्पित कर दिया है। सदैव संगठन के हित में कार्य किया लेकिन चूंकि संगठन ने पार्टी के साथ गद्दारी करने वाले नेता को बढ़ावा देकर बिना किसी को सुने पार्टी टिकिट देकर चुनावी रण में उतारकर पार्टी में लोकतंत्र की हत्या की है।श्री सिंह ने कहा कि ऐसे में मेरा उनके लिए प्रचार करना मेरे स्वाभिमान के साथ न्याय नही होगा।उन्होंने भाजपा जिला अध्यक्ष देवेंद्र सिंह नरवरिया को संगठन की प्राथमिक सदस्यता से अपना त्यागपत्र सौपते हुए पार्टी से इस्तीफा दे दिया।कयास लगाए जा रहे हैं, कि वह किसी दूसरी पार्टी में शामिल हो सकते हैं और साथ ही चुनाव भी लड़ सकते हैं।

# मधुसूदनगढ़ में आज आम आदमी पार्टी के कार्यालय का हुआ शुभारंभ



**रिपोर्टर-प्रतीश अग्रवाल**
**पुष्पांजलि टुडे**

**मधुसुदनगढ़।** आज चाचौड़ा विधानसभा के मधुसूदनगढ़ नगर में आगामी कार्यक्रमों एवं चुनाव की तैयारियों को लेकर वरिष्ठ पदाधिकारी एवं सैकडो कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में आम आदमी पार्टी से प्रत्याशी ममता मीना ने चुनाव कार्यालय का शुभारंभ किया।आम आदमी पार्टी से प्रत्याशी ममता मीना एवं भारतीय जनता पार्टी से प्रत्याशी प्रियंका पेची दोनों आमने-सामने हैं। और मधुसूदनगढ़ में कार्यालय भी आमने-सामने ही खुला है। इधर आम आदमी पार्टी के कार्यालय का शुभारंभ किया जा रहा था वही सामने भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जोश में आकर प्रियंका मीना जिंदाबाद के नारे भी लगाए।

# आबकारी विभाग की 13 छापामार कार्यवाहियों में 05 लाख की शराब और लहान जप्त



**राकेश परिहार पिछोर**
**9691338626**

**शिवपुरी,** वर्तमान में मध्यप्रदेश विधानसभा निर्वाचन 2023 को दृष्टिगत रखते हुए शिवपुरी जिले में मदिरा दुकानों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी द्वारा सतत कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं। इस पर आबकारी टीम द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है।म.प्र. आबकारी अधिनियम 1915 की विभिन्न धाराओं के अन्तर्गत अवैध मदिरा धारण, परिवहन, चौर्यनयन एवं विक्रय के विरुद्ध जिला आबकारी अधिकारी संजय कुमार गुप्ता के निर्देशन में गत दिवस गतदिवस वृत्त शिवपुरी, पिछोर, एवं कोलारस क्षेत्र अंतर्गत वृत्त प्रभारियों द्वारा कुल 298 लीटर मदिरा एवं 4500 लीटर लहॉन (मौके पर नष्ट) जप्त कर म.प्र. आबकारी अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत 13 छापामार कार्यवाहियों में कुल 13 प्रकरण पंजीबद्ध किए गए। जिसकीअनुमानित कीमत लगभग 5 लाख रुपये है एवं जिले की 05 मदिरा दुकानों पर औचक निरीक्षण करने पर पाई गई कमियों के लिये विभागीय प्रकरण पंजीबद्ध कर राशि 8 हजार रूपए जुर्माना अधिरोपित किया गया है। पोहरी में टीम ने की कार्यवाही वृत्त पोहरी में आबकारी निरीक्षक राहुल गुप्ता ने टीम के साथ दबिश देकर कुल पाँच पेटी देशी मदिरा(250 पाव) जप्त कर म.प्र. आबकारी अधिनियम 1915 के तहत कुल 01 प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। उक्त कार्यवाही में आबकारी वृत्त प्रभारी पोहरी, आरक्षकों, मुख्य आरक्षकों एवं नगर सैनिकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# मतदाता जागरूकता के लिए आयोजित हुआ एक शाम मतदाता के नाम कार्यक्रम

## स्कूली छात्र-छात्राओं के साथ शहर के नागरिकों ने लिया भाग कलेक्टर रविंद्र चौधरी ने किया गीत का शुभारंभ

**राकेश परिहार पिछोर**
**9691338626**

**शिवपुरी,** विधानसभा निर्वाचन 2023 में मतदाता शत प्रतिशत मतदान करें इसके लिए प्रशासन मतदाताओं को जागरूक करने के लिए लगातार प्रयासरत है। ऐसे में नए-नए तरीके अपनाकर जनता को मतदान के प्रति जागरूक करने का लगातार सफल प्रयास हो रहा है।इसी क्रम में एक शाम मतदाताओं के नाम कार्यक्रम का आयोजन शनिवार की शाम को हुआ। जिसमें कलेक्टर रवींद्र कुमार चौधरी द्वारा मतदाता जागरूकता गीत का शुभारंभ किया गया। कलेक्टर रविंद्र चौधरी ने कहा कि हम शत प्रतिशत



मतदान के लिए प्रयासरत हैं और इस हेतु हम लगातार कार्य भी कर रहे हैं और इस मुहिम में सभी को जोड़ने के लिए यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने मतदान जागरूकता गायन को लेकर पूरी टीम की तारीफ भी की।इस गीत को एडीएम विवेक रघुवंशी ने लिखा है और जनपद पंचायत करैरा के सीईओ ब्रह्मेंद्र गुप्ता एवं आकांक्षा गौर ने आवाज दी है। इस गीत के माध्यम से मतदान की विशेषताओं पर प्रकाश डाला गया है और मतदान क्यों आवश्यक है यह बताया गया है। इस गीत को धुन में सजाया है संगीत संयोजक जुगेश शाक्य ने जो फेमस कंपोजर एवं म्यूजिशियन होकर सुरताल म्यूजिक स्टूडियो के संचालक है। गीत के बोल अति सुंदर होकर कर्णप्रिय भी हैं। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्कूल और महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बड़े उत्साह से भाग लिया। गायन, नृत्य एवं नाटक के माध्यम से अपनी प्रस्तुति देकर मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित किया।

# अधिकार होते हुए भी भूपेश ने क्यों बंद नहीं किया महादेव एप्प- सिद्धार्थ सिंह

## दाऊद का पैसा छत्तीसगढ़ आने की आशंका से कैसे करें इंकार

**ब्यूरो चीफ छत्तीसगढ अश्वनी कुमार**

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी के चुनाव मीडिया प्रभारी विधायक सिद्धांत नाथ सिंह ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से सीधा सवाल किया है कि उन्होंने अधिकार होते हुए भी छत्तीसगढ़ में महादेव एप्प प्रतिबंधित क्यों नहीं किया। केंद्र सरकार गेमिंग लाइसेंस नहीं देती। नगालैंड सरकार ऑल इंडिया लायसेंस देती है लेकिन अन्य राज्य सरकारें इसे लॉटरी की तरह प्रतिबंधित कर सकती है। आंध्र, तमिलनाडु,, तेलंगाना आदि राज्य सरकारों ने गेमिंग एप्प प्रतिबंधित किए हैं।श्री सिंह ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से यह सवाल भी किया है कि वे महादेव एप्प के जरिए होने वाली मनी लांड्रिंग और आतंक के पैसे की छत्तीसगढ़ में आमद को लेकर इतने बेफिक्र कैसे हैं, कि अपनी जिम्मेदारी से पलायन कर केंद्र सरकार पर तथ्यहीन आरोप लगाते हुए जीएसटी से इसे जोड



रहे हैं। भूपेश बघेल भ्रमित करने के आदी है और महादेव एप्प को लेकर भी यही कर रहे हैं।श्री सिंह ने कहा कि जीएसटी राजस्व प्राप्ति एक प्रक्रिया के तहत लागू है। इसमें राज्य की भी भागीदारी सुनिश्चित है। जीएसटी की राशि का प्रक्रिया के अनुसार बंटवारा होता है। उन्होंने कहा कि भूपेश बघेल को जीएसटी में हिस्सा तो चाहिए लेकिन जब अपनी सरकार में सामने आए किसी गंभीर मामले में उन पर उंगली उठे तो बचाव के लिए तथ्यों के परे राजनीतिक चालें चलने लगते हैं।श्री सिंह ने मीडिया रिपोर्ट्स और ईडी की कार्रवाई का हवाला देते हुए आशंका व्यक्त की है कि आतंक के सरगना दाऊद इब्राहिम के भाई के तार महादेव एप्प के सूत्रधार सौरभ चंद्राकर से जुडे हुए बताए जा रहे हैं तो दाऊद का पैसा छत्तीसगढ़ आने से इंकार नहीं किया जा सकता। तब भूपेश बघेल अपनी जिम्मेदारी से क्यों भाग रहे हैं।

# 51 मीटर लम्बी चुनरी यात्रा निकाली



**रीतेश अवस्थी**
**पुष्पांजली टुडे**

**दमोह।** नवरात्री के पावन पर्व पर शहर के जेल तिराहा से माँ बड़ी देवी मंदिर के लिए बड़ी संख्या में महिलाओ द्वारा माता रानी के लिए 51 मीटर लम्बी चुनरी अर्पित की गयी। इस अवसर पर चुनरी यात्रा में शहर की महिलाओ के साथ अनेक भक्त यात्रा में शामिल हुये।

# मतदाता जागरूकता कैलेण्डर के अनुसार गतिविधियाँ जारी

## मतदाता जागरूकता अभियान के तहत रैली निकाली गई

**पुष्पेंद्र सिंह ब्यूरो (चीफ मऊगंज)**



**मऊगंज।** विधानसभा निर्वाचन 2023 के सिलसिले में रीवा एवं मऊगंज जिले में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से मतदाता जागरूकता स्वीप के कैलेण्डर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल के निर्देशन में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा सभी मतदान केन्द्रों में बूथ अवेयरनेस ग्रुप का गठन किया गया है। इसी प्रकार गत लोकसभा निर्वाचन 20219 में 50 प्रतिशत से कम मतदान वाले केन्द्रों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। शिक्षा विभाग द्वारा विभिन्न खेल एवं रंगोली, क्विज, पेंटिंग व निबंध आदि प्रतियोगिताओं के आयोजन के साथ ही रीवा एवं मऊगंज में सभी महाविद्यालयों में मतदाता कैम्पस एम्बेसडर की नियुक्ति की गई है। मतदान के लिये जागरूक करने के उद्देश्य से मतदाता शपथ भी दिलाई जा रही है। मऊगंज जिले के एसडीएम बीके पाण्डेय ने ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण कर लोगों को अधिक से अधिक मतदान के लिए जागरूक किया। आगामी 17 अक्टूबर को स्थानीय जलसा गार्डन में मतदाता जागरूकता पर आधारित गरबा उत्सव का आयोजन शाम 5 बजे से किया गया है। इसी क्रम में 19 अक्टूबर को नगरीय निकायों में मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया जायेगा

# कवर्धा से तीन शिवलिंग गायब भिलाई दुर्ग में नवरात्रि के पहले मां पार्वती की मूर्ति से अभद्रता क्या यही है कांग्रेस का सनातन- अरुण साव

## कांग्रेस ने भ्रष्टाचार के सहभागी सभी लोगों को टिकट दिया जनता इन्हें हराने के लिए बेताब- अरुण साव

**ब्यूरो चीफ छत्तीसगढ अश्वनी कुमार**

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने कांग्रेस के सनातन प्रेम को महज राजनीतिक ढोंग बताते हुए कहा है कि कदम-कदम पर सनातन, भगवान श्री राम, हिन्दुत्व पर सवाल ख?ा करके तुष्टीकरण के राजनीतिक एजेंडे पर पलने वाली कांग्रेस के इस ढोंग को प्रदेश की जनता अच्छी तरह समझ चुकी है और अब वह कांग्रेस के छलावे और झाँसे में कतई नहीं आने वाली है। श्री साव ने कांग्रेस प्रत्याशियों की पहली सूची जारी करने के लिए नवरात्र के प्रथम दिवस को चुनने के पीछे अपने सनातन प्रेमी होने ढोंग करने पर कांग्रेस पर हमलावर थे।भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री साव ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने रविवार को 30 प्रत्याशियों की सूची जारी की है। नवरात्रि के प्रथम दिवस सूची जारी कर अपने आप को सनातन प्रेमी होने का जो ढोंग कांग्रेस पार्टी कर रही है, कांग्रेस के उस कालनेमि-चरित्र से प्रदेश भलीभाँति वाकिफ है। प्रदेश साक्षी है कि कांग्रेस ने लगातार सनातन एवं सनातनप्रेमियों से घृणा करने का काम ही किया है। चाहे अभी कवर्धा में तीन शिवलिंग के गायब होने की घटना हो, चाहे पार्वती मैया के साथ अभद्रता का मामला हो, चाहे वह कबीरधाम बिरनपुर की घटनाएँ हों या मोहला-मानपुर की घटनाएँ हों, कांग्रेस ने हर मौके पर तुष्टीकरण का राजनीति करके बहुसंख्यक हिन्दू समाज को प्रता?ित करने का काम किया है। श्री साव ने कहा कि बिरनपुर मामले में तो न्यायालय का फैसला भी आ गया है जिसमें अकारण झूठे मामले बनाकर गिरफ्तार किए गए सभी 8 हिन्दू युवाओं को दोषमुक्त किया गया है। यह सब बताता है कि सनातन प्रेमियों और सनातन धर्म के प्रति कांग्रेस ने हमेशा घृणा का प्रदर्शन किया है। अब जिस प्रकार से कांग्रेस पार्टी को अपने आठ विधायकों की टिकट काटनी प?ी है, यह बताता है कि कांग्रेस सरकार ने प्रदेश में जनता के लिए कोई काम नहीं किया और उसका ठीकरा मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अपने विधायकों पर फो?ने का काम कर रहे हैं। श्री साव ने कहा कि फिर से भ्रष्टाचारियों को और भ्रष्टाचार को संरक्षण देने वालों को कांग्रेस पार्टी ने प्रत्याशी बनाकर यह बता दिया है कि वह भ्रष्टाचार आगे भी करना चाहेंगे, पर जनता इनके भ्रष्टाचारियों को सबक सिखाने के लिए तैयार है।

# कांग्रेस सत्ता-संरक्षण प्रदान कर बाहुबलियों के जरिए चुनाव के दौरान हिंसा फैलाकर माहौल बिगाड़ने पर उतारू : भाजपा

**ब्यूरो चीफ छत्तीसगढ अश्वनी कुमार**

रायपुर। भारतीय जनता पार्टी के मुख्य प्रवक्ता व पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर ने केंद्रीय चुनाव आयोग के प्रवक्ता, प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी, केंद्रीय गृह मंत्रालय, प्रदेश गृह मंत्रालय, छत्तीसगढ़ पुलिस सहित भाजपा के वरिष्ठ नेताओं को ट्वीट कर उनके (श्री चंद्राकर के) कुरुद विधानसभा क्षेत्र में भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता चंद्रशेखर गिरी की रविवार को जघन्य हत्या किए जाने की जानकारी देते हुए परजोर मांग की है कि निष्पक्ष चुनाव के लिए धमतरी के एसपी, एसडीओपीस समेत कुरुद विधानसभा क्षेत्र के सभी थानेदारों को तत्काल प्रभाव से हटाया जाए और विधानसभा क्षेत्र के सभी बूथ को अतिसंवेदनशील घोषित किया जाए।

**भाजपा मुख्य प्रवक्ता चंद्राकर का कुरुद विधानसभा क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ता चंद्रशेखर गिरी की जघन्य हत्या को लेकर प्रदेश सरकार पर तीखा हमला चुनाव में पुलिस के संरक्षण में भाजपा कार्यकर्ताओं की और भी टारगेट किलिंग हो सकती है, इसलिए एसपी, एसडीओपी और सभी थानेदारों को तुरंत हटाए कुरुद विधानसभा क्षेत्र के सभी बूथ को अतिसंवेदनशील घोषित किया जाए क्योंकि टारगेट किलिंग, हिंसा के जरिए आतंक फैलाना कांग्रेस का स्थायी चरित्र**

भाजपा मुख्य प्रवक्ता व कुरुद विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी श्री चंद्राकर ने कांग्रेस की भूपेश सरकार पर आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा के कार्यकर्ताओं की पुलिस के संरक्षण में लक्षित हत्या (टारगेट किलिंग) की आशंका जताते हुए आरोप लगाया कि इससे पहले भी स्व. चंद्रशेखर गिरी पर प्राणघातक हमला हुआ था लेकिन पुलिस ने उन हमलावरों को आज तक गिरफ्तार नहीं किया था और आरोपियों की अरारी-फरारी दिखाकर कार्रवाई में टालमटोल करती रही। आगे चुनाव में पुलिस के संरक्षण में भाजपा कार्यकर्ताओं की और भी टारगेट किलिंग हो सकती है। श्री चंद्राकर ने आरोप लगाया कि कांग्रेस के लोग सत्ता-संरक्षण प्रदान कर बाहुबलियों के जरिए चुनाव के दौरान हिंसा फैलाकर माहौल बिगा?ने पर उतारू हैं। टारगेट किलिंग, हिंसा की राजनीति के जरिए आतंक फैलाना कांग्रेस का स्थायी चरित्र रहा है। यह इस बात का प्रमाण है कि कांग्रेस अब वैचारिक रूप से इतनी कंगाल हो चली है कि सत्ता के लिए लिए वह हर नाजायज हथकण्डों का आजमाने में शर्म महसूस नहीं करती।भाजपा मुख्य प्रवक्ता व पूर्व मंत्री श्री चंद्राकर ने कहा कि बस्तर में नक्सलियों की आड़ लेकर जिस तरह भाजपा के नेताओं, पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों की लगातार टारगेट किलिंग की गई है और उन हत्यारों पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है, उससे तो प्रदेश सरकार की बदनीयती स्पष्ट हो ही चुकी थी, रही-सही कसर प्रदेश सरकार ने सुरक्षा प्राप्त भाजपा के पूर्व विधायकों की सुरक्षा छीनकर पूरी कर दी थी। मानपुर में कांग्रेस की सभा में कांग्रेस विधायक इंद्र शाह मंडावी की मौजूदगी में सरजू टेकाम ने जिस तरह चुनाव प्रचार के लिए आने वाले भाजपा कार्यकर्ताओं को काट डालने की धमकी दी और प्रदेश सरकार ने इस पर चुप्पी साध ली, वह कांग्रेस के राजनीतिक चरित्र की एक झलक ही थी। कांग्रेस और उसकी प्रदेश सरकार अब शांत छत्तीसग? में चुनाव को अपराध और हिंसा की दिशा में ले जाने का षड्यंत्र रच रही है। श्री चंद्राकर ने चेताया कि मुख्यमंत्री बघेल छत्तीसग? जैसे शांत प्रदेश को प. बंगाल बनाने का प्रयास न करें।भाजपा मुख्य प्रवक्ता व पूर्व मंत्री श्री चंद्राकर ने कहा कि कांग्रेस सरकार की लापरवाही व गुंडागर्दी के कारण आज छत्तीसगढ़ की जनता अपने आप असुरक्षित महसूस कर रही है, और मुख्यमंत्री बघेल छत्तीसग? को सुरक्षित राज्य बताकर फर्जी दावा कर रहे हैं पर जमीनी हकीकत यह है कि आज छत्तीसग? पुरी तरह से अपराध ग? बन चुका है। तालिबानी अंदाज में सड़कों पर हथियारों के साथ जुलूस निकाला जा रहा है। यह हथियार किसी पर भी चल भी सकते हैं। किन्तु सरकार इस पर कार्रवाई करना छोड़ केवल आरोप लगाने में व्यस्त है। श्री चंद्राकर ने छत्तीसग? में ध्वस्त हो चुकी कानून-व्यवस्था के लिए भूपेश बघेल सरकार को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि बहुत संवेदनशील स्थिति है कि छत्तीसगढ़ में मानव जीवन किस प्रकार संकट में पहुंच रहा है! कांग्रेस के शासनकाल में प्रशासन का राजनीतिकरण और राजनीति का अपराधीकरण हो गया है।

# मध्यभारतीय हिन्दी साहित्य सभा ग्वालियर की मासिक 'इंगित काव्य गोष्ठी' में हुई बहुरंगी गीत व कविताओं की प्रस्तुति

**महेंद्र शर्मा उपसंपादक पुष्पांजली टुडे**

**ग्वालियर ।** मध्यभारतीय हिन्दी साहित्य सभा , दौलत गंज लश्कर, ग्वालियर की मासिक ÷इंगित काव्यगोष्ठी सभा भवन दौलत गंज, लश्कर , ग्वालियर मे आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ चिकित्सक एवं साहित्यकार डॉ. नरेन्द्र नाथ लाहा ने की, मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ कवि एवं गीतकार धीरेंद्र सिंह गहलोत धीर ,डबरा रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. शिराली रूनवाल रही। इस अवसर पर मध्यभारतीय हिन्दी साहित्य सभा ÷ग्वालियर के पदाधिकारीगण व नगर के कवि एवं साहित्यकारों ने एक से बढ़कर एक काव्य रचनाओं की प्रस्तुति दी । अतिथियों द्वारा प्रारंभ में मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप पूंजुलित किया गया सरस्वती वंदना अनिल शिरढोंनकर ने प्रस्तुत की। तत्पश्चात् अतिथियों का स्वागत सभा के सहमंत्री उपेंद्र कस्तूरे द्वारा किया गया ।काव्यगोष्ठी में राष्ट्रीय भाव बोध , सनातन रीति में पूर्वजों का महत्व,नव दुर्गा महोत्सव,सहित सामयिक विषयों पर आधारित मौलिक रचनाओं की प्रस्तुति दी गई।

कार्यक्रम का संयोजन एवं संचालन रामचरण ÷रुचिर÷ ने किया।विशिष्ट अतिथि के रूप में काव्य पाठ करते हुए डॉ शिराली रूनवाल ने कहा, गर जीवन में हो आस व मन में हो विश्वास। हर जर्रा खुदा बन जाए, कालकूट सुधा बन जाए।

मुख्य अतिथि के रूप में धीरेंद्र गहलोत धीर ने कहा,

गीत कोई ऐसा गुनगुनाओ तुम,
जो हृदय की धूल को बुहार दे।
छंद कोई ऐसा फिर सुनाओ तुम,
मंद मंद जो पवन सा प्यार दे।÷ इस हफ्ते पर उन्होंने सुंदर दोहे प्रस्तुत करते हुए कहा÷
अनगिन तेरे रूप हैं अनुपम है एहसास।
मां तुझको धरती कहूं या बोलूं आकाश।

अध्यक्ष के रूप में डॉक्टर नरेंद्र नाथ लाहा ने कहा ÷दिया ताली अंधेरा हो रहा है, डॉक्टर का बेटा झाड़ फूंक कर रहा है। इस अवसर पर उपस्थित कवियों में काव्य पाठ करते हुए काव्य पाठ करते हुए

विजय कृष्ण योगी ने कहा,
मन में नफरत भरी हुई है , अधरों पर मुस्कान बहुत है ।




दुहरा जीवन जो जीते हैं ,उनका ही सम्मान बहुत है।रेखा दीक्षित ने काव्य पाठ करते हुए कहा, ÷सृष्टि की से जनशक्ति पर अभिमान कीजिए ,नारी की दिव्य शक्ति का सम्मान कीजिए ,जन्मे हैं, जिसने रामकृष्ण सारे परमहंस शक्ति स्वरूपा नारी का गुणगान कीजिए।÷ काव्य कम को आगे बढ़ते हुए राजेशअवस्थी लावा ने कहा ,

हमने दी शादी के बहाने, खिलती कलियां खारों को दी।
उपवन माली ने नहीं उजाड़ा,
लाए कौन बहारों को।

अमर सिंह यादव ने काव्य पाठ करते हुए राष्ट्रीय भाव से प्रेरित रचना प्रस्तुत करते हुए कहा, इतिहास बदलने वाले कभी मरते नहीं है। गीदड़ भभकियों से कभी भी डरते नहीं है वे विचलित तो होते हैं अमर ,फिर भी वतन से गद्दारी कभी वे करते नहीं है।

अगले क्रम में दिनेश विकल ने काव्यपाठ करते हुए कहा,÷ कैसे हुनर बखान करूं अपने यार के ।
होता है खुश वो सीने में खंजर उतार के।

संचालन कर रहे रामचरण रुचिर ने गीत प्रस्तुत करते हुए कहा,
जो न कभी भटके पथ पर, वह मंजिल को पाता है। दृढ़ संकल्प लिए उर में वह जीवन को सफल बनाता है। इसी क्रम में रामलाल साहू बेकस ने कहा ,मैं ढूंढता जिसे वह न जाने किधर गया ।उम्मीद वाला मेरा वह सपना बिखर गया।

जगमोहन श्रीवास्तव ने कहा ,÷बादलों सा भटकता हुआ मेरा मन, तुम पवन बन के इसको दिशा दीजिए। बिखर जाए न यह बूंद बनकर कहीं ,अपने आंचल में इसको छुपा दीजिए।÷

पुस्तकालय मंत्री डॉ.लोकेश तिवारी, ने सुंदर श्रृंगार गीत,डॉ सुधीर चतुर्वेदी, श्यामलाल माहौर आदि ने भी सुंदर काव्यपाठ किया।अशोक से शिरढोंनकर ने काव्य पाठ करते हुए मां दुर्गा का आह्वान किया। ÷नवरात्रि का त्योहार आया, मंदिरों में बाहर लाया।÷ इसी प्रकार अन्य साहित्यकारों ने भी एक से बढ़कर एक पर प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के अंत में डॉक्टर लोकेश तिवारी ने सभी का आभार प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम में अनेक साहित्यकार एवं साहित्य सभा के सदस्यों से सहित साहित्य सभा के अध्यक्ष डॉ कुमार संजीव एवं सहमंत्री मंत्री उपेंद्र कस्तूरे सहित कार्यक्रम संयोजक एवं प्रचार- प्रसार मंत्री रामचरण ÷रुचिर ÷ आदि उपस्थित रहे।

## ग्वालियर व टीकमगढ़ में कांग्रेस में टिकट वितरण के साथ ही विरोध शुरू, कार्यकर्ताओं ने दिए इस्तीफे

ग्वालियर में कांग्रेस ने ग्वालियर ग्रामीण विधानसभा के लिए साहब सिंह गुर्जर के नाम का एलान किया। वैसे ही कांग्रेस ग्रामीण के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष कल्याण सिंह व उनके भाई केदार सिंह ने टिकट का विरोध करते हुए इस्तीफा दे दिया। इस संबंध में कल्याण सिंह का कहना है कि पार्टी ने उन लोगों को टिकट दिया है जिन्होंने पार्टी के साथ पिछले चुनावों में विश्वासघात किया है। इस संबंध में कांग्रेस प्रत्याशी साहब सिंह गुर्जर ने कहा कि उन्हें कुछ नहीं कहना है। जिन लोगों ने इस्तीफा दिया है। उनकी अपनी निजी राय हो सकती




है। मैं तो शुरू से ही कांग्रेस का समर्पित कार्यकर्ता हूं।ग्वालियर व टीकमगढ़ में कांग्रेस में टिकट वितरण के साथ ही विरोध शुरू, कार्यकर्ताओं ने दिए इस्तीफेस्स्क्क ग्वालियर व टीकमगढ़ में कांग्रेस में टिकट वितरण के साथ ही विरोध शुरू, कार्यकर्ताओं ने दिए इस्तीफेटीकमगढ़ में मीडिया विभाग के उपाध्यक्ष ने दिया इस्तीफाकांग्रेस के विधानसभा चुनाव टिकट वितरण में पिछड़े वर्ग की उपेक्षा करने का आरोप लगाते हुए टीकमगढ़ कांग्रेस के मीडिया विभाग के उपाध्यक्ष अजय यादव ने इस्तीफा दे दिया। अजय सिंह ने कहा कि जिले में पिछड़े वर्ग के लोगों को टिकट नहीं दिया गया है। यह अन्याय है। इसलिए मैं अन्याय का साथ नहीं दे सकता।सीएम शिवराज सिंह पीतांबरा माई के दरबार में पहुंचे, भाजपा की विजय के लिए लगाई अर्जी सीएम शिवराज सिंह पीतांबरा माई के दरबार में पहुंचे, भाजपा की विजय के लिए लगाई अर्जीटिकट वितरण के विरोध में कांग्रेस के अन्य नेता व कार्यकर्ता भी सामने आ सकते हैं। डबरा के उम्मीदवार के खिलाफ पहले से ही कार्यकर्ता अपना आक्रोश दिखा चुके हैं। आगामी दिनों में उनका विरोध खुलकर सामने आ सकता है।

## सरपंच हत्याकांड में 67 पर एफआईआर, गुस्साए लोगों ने गांव में लगाई थी आग, घरों में घुसकर मारपीट-लूट




**ग्वालियर** जिले के बनहेरी सरपंच विक्रम रावत की गोलियों से भूनकर हत्या करने के मामले के बाद गुस्साए लोगों ने गांव में लोगों के घर उजाड़ दिए थे। लोगों के घर जेसीबी और ट्रैक्टर चलाकर घरों को तोड़ दिया। फिर घरों में घुसकर लूटपाट की, लोगों को पीटा। फिर डीजल डालकर आग लगा दी। इस घटना के बाद लोग घर छोडकर भाग गए। अब इस मामले में आरोन थाना पुलिस ने चार एफआईआर दर्ज की है। इनमें लूट, डकैती, बलवा, मारपीट सहित अन्य धाराओं के तहत आरोप हैं। बता दें कि ग्वालियर के बनहेरी गांव में रहने वाले सरपंच विक्रम रावत की गांधीनगर इलाके में रहने वाले वकील प्रशांत शर्मा के घर के नीचे गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। पांच लोगों ने 11 गोलियां मारी थीं। इसमें मौके पर ही विक्रम की मौत हो गई थी। पुलिस ने इस मामले में चार लोगों को पहचाना था और एक अज्ञात था। पुलिस ने चार आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। इसमें बंटी रावत, अतेंद्र रावत, धर्मवीर रावत, सुखवेन्द्र रावत का नाम शामिल है। इन आरोपियों के पकडे जाने के बाद गांव के वे लोग बीती रात आरोन थाने पहुंच गए, जिनके घरों को निशाना बनाया गया। घरों के अंदर लूटपाट की गई और आगजनी की गई। इसमें सिर्फ चार घर आरोपियों के थे, जबकि अन्य घर दूसरो के थे। इन लोगों का इस घटना से कोई संबंध नहीं था, फिर भी इनके घरों को निशाना बनाया गया। इसके चलते ये लोग में एफआईआर पर अड गए। इन्होंने एफआईआर की मांग की। पुलिस ने लूट, डकैती सहित अन्य धाराओ में चार एफआईआर दर्ज की हैं। इससे पहले एक एफआईआर दर्ज हुई थी। अब तक इस मामले में पांच एफआईआर दर्ज हो चुकी हैं। 67 लोगों को आरोपी बनाया गया है।

## घर में अकेली महिला के साथ छेड़छाड़, विरोध करने पर आरोपित ने पीटा, जान से मारने की धमकी दी

**ग्वालियर** ग्वालियर व टीकमगढ़ में कांग्रेस में टिकट वितरण के साथ ही विरोध शुरू, कार्यकर्ताओं ने दिए इस्तीफेकंपू थाना क्षेत्र के अंतर्गत गुढ़ा-गुढ़ी का नाका स्थित कुशवाह मोहल्ले में बाबा गार्डन के पास रहने वाली 29 वर्षीय महिला का पति ड्यूटी पर गया था। घर में महिला अपने बच्चों के साथ अकेली थी। इसी दौरान बहोड़ापुर स्थित आरआर टावर के पास रहने वाला आमिर पुत्र इरशाद खान आ गया। वह बहाने से घर में घुस गया। इसके बाद उसने महिला के साथ छेड़छाड़ शुरू कर दी। जब महिला ने विरोध किया तो महिला के साथ मारपीट करने लगा। महिला के साथ मारपीट करने के बाद धमकाया कि अगर किसी से कुछ भी कहा तो जान से मार देगा। महिला का पति जब घर लौटकर आया तो उसने पूरी घटना बताई। इसके बाद महिला अपने पति के साथ थाने पहुंची। कंपू थाने पहुंचकर छेड़छाड़ की एफआइआर



दर्ज करवाई। महिला ने थाने में बताया कि आरोपित उसका रिश्तेदार लगता है। उसने दरवाजा खटखटाया, रिश्तेदार था इसलिए घर में आने दिया। इसके बाद उसने छेड़छाड़ कर दी।मनचलों को पुलिस ने सिखाया सबकसीएम शिवराज सिंह पीतांबरा माई के दरबार में पहुंचे, भाजपा की विजय के लिए लगाई अर्जीष्टरूद्बठ्ठ सीएम शिवराज सिंह पीतांबरा माई के दरबार में पहुंचे, भाजपा की विजय के लिए लगाई अर्जीमनचलों को पुलिस ने सबक सिखाया। गोविंदपुरी, चेतकपुरी, पड़ाव, माधोगंज, कोतवाली थाना क्षेत्र के अलग-अलग इलाकों में पुलिस ने चेकिंग अभियान चलाया। यहां पुलिस ने कोचिंग संस्थानों के आसपास फालतू घूमने वाले मनचलों पर कार्रवाई की। महिला पुलिस अधिकारी और महिला पुलिसकर्मी सिविल ड्रेस में निकली। यहां छात्राओं पर जब मनचलों ने टिप्पणी की तो महिला पुलिसकर्मियों ने तुरंत फोर्स बुलवाया और इन्हें पकड़वाया। थाने जैसे ही ले जाया गया तो यह लोग माफी मांगने लगे। सुबह 9 से 11 बजे तक यह अभियान चलाया गया।

## सीएम शिवराज सिंह पीतांबरा माई के दरबार में पहुंचे, भाजपा की विजय के लिए लगाई अर्जी




**ग्वालियर.** । मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान आज विशेष विमान से दतिया पहुंचे। नवरात्र के पहले दिन मुख्यमंत्री ने देशभर में ख्याति प्राप्त तांत्रिक शक्तिपीठ देवी पीतांबरा माई के दरबार में ढोक लगाई।मुख्यमंत्री शिवराज सिंह ने यहां देवी बगलामुखी की पूजा अर्चना की और विशेष पूजा अनुष्ठान के साथ चुनाव में विजयी कामना की अर्जी लगाई। इस दौरान मुख्यमंत्री के साथ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बीडी शर्मा और गृह मंत्री डॉ.नरोत्तम मिश्रा भी रहे। दर्शन के बाद भिंड, मुरैना के लिए रवाना दतिया में पीताम्बरा माई के दर्शन के बाद मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान भिंड के लिए रवाना हुए। मुख्यमंत्री मुरैना के दिमनी विधानसभा में एक कार्यक्रम में शामिल होंगे। उल्लेखनीय है कि ग्वालियर चंबल अंचल में 2018 के चुनाव में मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा था । ऐसे में भाजपा सहित प्रदेश के मुख्यमंत्री का इस क्षेत्र पर अधिक नजर है। ग्वालियर चंबल क्षेत्र के चुनावी कार्यक्रमों की शुरुआत मुख्यमंत्री ने मां पीतांबरा माई के दरबार में ढोक लगाकर की है।

## ग्वलियर में टिकट की घोषणा के बाद कांग्रेस में बगावत, दावेदारी ठोक रहे केदार सिंह ने दिया

मध्यप्रदेश में विधानसभा चुनाव 2023 के लिए कांग्रेस प्रत्याशियों की सूची जारी होने के बाद विरोध के सुर उठने लगे हैं। पहली लिस्ट जारी होने का बाद इस्तीफे का दौर शुरू हो गया है। कांग्रेस मीडिया विभाग के उपाध्यक्ष अजय यादव के बाद ग्वालियर कांग्रेस नेता केदार कंसाना ने रिजाइन दे दिया है।कांग्रेस पार्टी में विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी प्रत्याशियों की पहली सूची जारी करने के साथ ही बगावत के सुर भी तेज हो गए हैं। ग्वालियर में भी टिकट नहीं मिलने से असंतुष्ट ग्वालियर ग्रामीण से दावेदारी जता रहे यूथ कांग्रेस के पूर्व इलेक्ट्रोड प्रेसिडेंट युवा नेता केदार सिंह कंसाना ने भी बगावती तेवर अपनाते हुए पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। दूसरी पार्टी से चुनाव लड़ने का एलान भी कर दिया है। उन्होंने पार्टी द्वारा वर्तमान में घोषित किए गए प्रत्याशी पर भी कई आरोप लगाए हैं और कहा है कि जिन्होंने सर्वे किया उन्होंने ही सर्वे दबा दिए।बताते चलें, कांग्रेस पार्टी द्वारा आज मध्यप्रदेश के 144 सीटों से कांग्रेस प्रत्याशियों की पहली सूची जारी होने के साथ ही टिकट की चाह रखने वाले कांग्रेस नेताओं ने टिकट न मिलने पर बगावती तेवर अपनाना शुरू कर दिए हैं। यूथ कांग्रेस के नेता और ग्वालियर ग्रामीण से टिकट मांग रहे केदार कंसाना ने भी टिकट की पहली सूची जारी होते ही अपना नाम नहीं होने पर इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने कहा कि मैं पिछले 22 साल से कांग्रेस पार्टी में हूं। छात्र राजनीति से एनएसयूआई और फिर यूथ कांग्रेस का प्रेसिडेंट रहा। 10 साल से बिना पद के सेवा कर रहा हूं। मैंने साल 2018 और उससे पूर्व भी टिकट मांगा था, लेकिन मुझे



आश्वासन दिया गया।ग्वालियर ग्रामीण भाजपा का गढ़ रहा है, यहां पोलिंग पर लड़ने के लिए मैंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को इकट्ठा किया। जहां कांग्रेस का कोई झंडा उठाने वाला नहीं था। वहां हमने लोगों को विश्वास में लिया और लोग हमारे साथ भी आए। मैंने टीम केदार के नाम से 25,000 लोगों की एक टीम बनाई है, जो लोगों के सुख-दुख में साथ है। इसके साथ ही 45,000 से अधिक महिलाओं को नारी सम्मान योजना से जोड़ा और अभी रक्षाबंधन के बाद तकरीबन एक लाख बहनों से राखी भी पहनी और हर सुख-दुख में लोगों के साथ रहा हूं। फिर भी मुझे टिकट नहीं दिया है।उन्होंने कहा, अब जब टिकट आपको ऐसे लोगों को ही देना है, जो हर पंचवर्षीय योजना में दूसरी पार्टी का झंडा लगा लेते हैं, जिनका आपराधिक रिकॉर्ड है और यह सब को पता है, हम उस समय भी पार्टी छोड़कर नहीं गए थे, जब सिंधिया समर्थक उनके साथ भाजपा में चले गए थे। इसके बाद भाजपा ने मेरा काफी नुकसान भी किया। फिर भी मैं पार्टी की सेवा करता रहा, अब जब मेरा टिकट कट गया है तो इस पार्टी में मेरा भविष्य बचा नहीं है। इसलिए मैंने इस्तीफा दिया है।उन्होंने कहा कि जो लोग मेरा सर्वे अच्छा बता रहे थे, वही लोग कह रहे हैं कि सर्वे और लोकप्रियता के आधार पर टिकट बांटे गए हैं तो जो सर्वे हुए थे वह किसने दबा दिए। मेरे साथ अभी भी 25,000 लोग खड़े हैं, इससे ज्यादा और वह क्या चाहती है और इससे ज्यादा क्या लोकप्रियता हो सकती है। मैंने कांग्रेस पार्टी से इस्तीफा दिया है, लेकिन चुनाव जरूर लड़ूंगा और देर शाम तक यह स्पष्ट हो जाएगा।

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478